सत्यमेव जयते

नर्सों के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

NATIONAL FLORENCE NIGHTINGALE AWARDS FOR NURSES

भारतीय उपचर्या परिषद्

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

के तहत एक सांविधिक निकाय

INDIAN NURSING COUNCIL

a statutory body under the

Ministry of Health and Family Welfare, Government of India, New Delhi

8वां तल, एनबीसीसी सेंटर, प्लॉट नं. 2, कम्युनिटी सेंटर, ओखला फेस-1, नई दिल्ली-110020

8th Floor, NBCC Centre, Plot No. 2, Community Centre, Okhla Phase-1, New Delhi-110020

सत्यमेव जयते

मनसुख मांडविया
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व
रसायन एवं उर्वरक मंत्री,
भारत सरकार

संदेश

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से, मैं राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2020 के सभी पुरस्कार विजेताओं के साथ–साथ देश के समस्त नर्सिंग समुदाय को बधाई देता हूं।

72वीं वर्ल्ड हैल्थ असेंबली में फ्लोरेंस नाइटिंगेल के 200वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में वर्ष 2020 को ''इंटरनेशनल ईयर ऑफ नर्सेज एंड मिडवाइव्स'' के रूप में मनाना घोषित किया गया था। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि वर्ष 2020 की शुरुआत घातक कोविड महामारी के साथ हुई थी, जिसने नर्सों को पूरी मानव जाति के लिए कोविड फ्रंट लाइन योद्धाओं के रूप में प्रतिष्ठित किया। उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा किट तथा मास्क के पीछे लंबे समय तक रोगियों की सेवा की, अक्सर अपने परिवारों को पीछे छोड़ दिया और यहां तक कि अपने व्यवसाय के अनुरूप सर्वोच्च बलिदान भी दिया।

अंतराष्ट्रीय उपचर्या परिषद् (आईएनसी) द्वारा वर्ष 2020 के लिए थीम के रूप में **''नर्सेज : ए वॉयस टु लीड – नर्सिंग द वर्ल्ड टू हैल्थ''** को चुना गया था ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि नर्स स्वास्थ्य चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संबोधित करने में किस प्रकार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नर्सों के साहस, देखभाल करने की उनकी लगन और करुणामयी व्यवहार ने पूरे वर्ष कोविड–19 से इस से इस प्रकार लड़ाई लड़ी जैसी कि पहले कभी नहीं देखी गई।

नर्स तथा दाई हमारे देश के प्रमुख स्वास्थ्य कर्मी हैं और वैयक्तिक तथा अंतर–पेशेवर टीमों के सदस्य व समन्वयक के रूप में कार्य करके स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में उनका योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। वे जन केंद्रित देखभाल को उन समुदायों के करीब लाते हैं जहां उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में उनका योगदान जो कि राष्ट्रीय और वैश्विक जनादेश भी है, अत्यधिक महत्वपूर्ण है। सरकार का यह मानना है कि कुशल नर्स और दाई स्वास्थ्य देखभाल वितरण के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसलिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हमारे देश में नर्सिंग तथा मिडवाइफरी शिक्षा और सेवाओं में सुधार लाने के लिए पहले से ही महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। हमारे मंत्रालय ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए दाइयों के नेतृत्व वाली देखभाल को प्राथमिकता देते हुए दाई–सेवा शुरू करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि इस वर्ष पुरस्कारों की संख्या 35 से बढ़ाकर 51 कर दी गई है। मैं देश के 51 नर्सिंग कर्मियों को विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कारों के साथ बधाई देता हूं। पुरस्कार विजेताओं ने अपने सराहनीय कार्य और निःस्वार्थ सेवा से पूरे नर्सिंग समुदाय और राष्ट्र को गौरवान्वित किया है, जो कि बहुमूल्य होने के साथ–साथ सम्माननीय भी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इससे सभी नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा तथा साथ ही प्रेरित भी होंगे और एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए अपने परिवेश और समुदाय को प्रभावित करने वाले कार्यों का प्रदर्शन करके प्रेरणा बनेंगे।

(मनसुख मांडविया)

सत्यमेव जयते

Mansukh Mandaviya

Union Minister for Health & Family Welfare
and Chemicals & Fertilisers,
Government of India

MESSAGE

On behalf of the Ministry of Health & Family Welfare, I would like to congratulate all the nursing fraternity of our country and compliment all the awardees of the National Florence Nightingale Award 2020.

The 72nd World Health Assembly had designated 2020 as the International Year of the Nurse and Midwife to commemorate Florence Nightingale's 200th birthday. As we are all aware that the year 2020 heralded the deadly COVID pandemic that showcased the nurses as COVID frontline warriors for the whole of mankind, serving long hours behind Personal Protective kits and masks, often leaving behind their families and even making supreme sacrifices in line with their profession.

The theme for the year 2020 by International Council of Nurses (ICN) was aptly chosen as **"Nurses: A Voice to Lead – Nursing the World to Health"** to demonstrate how nurses are central to addressing a wide range of health challenges. The courage, caring and compassion of nurses collided with COVID- I9 in a year like no other.

Nurses and midwives are the major health workforce in our country and are critical in strengthening the health systems by acting both as individuals and as members and coordinators of inter-professional teams. They bring people centric care closer to the communities where they are needed the most. Their contribution in achieving Universal Health Coverage (UHC) and Sustainable Development Goals (SDGs) which are national and global mandate, is highly significant. The Government recognizes that skilled nurses and midwives are critical to health care delivery and therefore Ministry of Health & Family Welfare has already taken significant steps for improvements in nursing and midwifery education and services in our Country. Our Ministry has brought out guidelines for rolling out midwifery services, prioritizing Midwifery led care to promote maternal and child health.

It gives me immense happiness in noting that this year the number of awards has been increased from 35 to 51. I feel privileged in congratulating 5l nursing personnel from across the country with the National Florence Nightingale Awards for delivering outstanding services across different settings. The awardees have made the entire fraternity and the Nation proud with their commendable work and selfless service and it is deeply valued and acknowledged. I earnestly hope that all nursing personnel will be encouraged and motivated to serve the nation and become inspirations by demonstrating actions that can influence their surroundings and communities to create a healthier nation.

(Mansukh Mandaviya)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

डॉ. भारती प्रविण पवार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

सर्वेसन्तु निरामया

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

संदेश

''खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप खुद को दूसरों की सेवा में समर्पित कर दें।'' – महात्मा गांधी। ये पंक्तियां हमारी नर्सिंग बिरादरी द्वारा राष्ट्र को दी जाने वाली सेवाओं के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं।

आधुनिक नर्सिंग की संस्थापिका – ''लेडी विद द लैंप'' फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म की 200वीं वर्षगांठ मनाने के लिए वर्ष 2020 को 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ नर्स एंड मिडवाइफ' के रूप में घोषित किया गया था। मुझे भारत की संपूर्ण नर्सिंग बिरादरी को स्वास्थ्य सेवा और समग्र रूप से समाज में उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं देते हुए बहुत खुशी हो रही है।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2020 की थीम **''नर्सेज : ए वॉयस टु लीड – नर्सिंग द वर्ल्ड टू हैल्थ''** दुनिया के लोगों के लिए नर्सों के वास्तविक मूल्य पर केंद्रित है। वर्ष 2020 में, वास्तव में नर्सों के साथ–साथ सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मी कोरोना योद्धाओं के रूप में सबसे अग्रिम पंक्ति में आकर खड़े हो गए हैं और यह बिल्कुल साफ हो गया है कि एक महामारी के दौरान स्वास्थ्य चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संबोधित करने के लिए किस प्रकार नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुझे पूरा विश्वास है कि भारत सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति की दिशा में एक मिशन मोड में काम करेगा। मुझे यह बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि अपनी ईमानदारी, समर्पण तथा निःस्वार्थ सेवा के साथ स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने में नर्सों का योगदान अनुकरणीय रहा है।

आज, इस अवसर पर, हम उन सभी नर्सों को नमन करते हैं जो लोगों का जीवन बचाने और रोगियों के स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। मैं भारत के नर्सिंग समुदाय का दिल से आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जो हमें सुरक्षित रखने के लिए कोविड योद्धाओं के रूप में दिन–रात काम कर रहे हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि उत्तरदायी, कुशल और पर्याप्त स्वास्थ्य कार्यबल एक कार्यात्मक स्वास्थ्य प्रणाली के मुख्य घटकों में से एक है और नर्स तथा दाई आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के वितरण में एक अनिवार्य भूमिका निभाते हैं। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि नर्सों का हित मेरे दिल के बहुत करीब है और मैं अपनी सभी क्षमताओं में नर्सों को उनके सभी कार्यों में समर्थन देना जारी रखूंगी।

मुझे वर्ष 2020 के राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार के 51 पुरस्कार विजेताओं, जिनके उत्कृष्ट योगदान को भारत सरकार द्वारा मान्यता दी जा रही है, को बधाई देते हुए बेहद खुशी हो रही है। मुझे उम्मीद है कि ये पुरस्कार देश के सभी नर्सिंग कर्मियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। एक बार फिर पूरे नर्सिंग समुदाय को बधाई।

(डॉ. भारती प्रविण पवार)

Dr. Bharati Pravin Pawar

Minister of State for Health & Family Welfare
Government of India

MESSAGE

“The best way to find yourself is to lose yourself in the service of others.” - Mahatma Gandhi. These lines are completely appropriate for the services rendered by our nursing fraternity to the nation.

The year 2020 was declared as the International Year of the Nurse and Midwife to commemorate the 200th anniversary of the “Lady with the Lamp” Florence Nightingale’s birth – the Founder of Modern Nursing. It gives me immense pleasure to offer complements to entire nursing fraternity of India for their contribution in healthcare and society as a whole.

The theme of International Nurses Day 2020 was **“Nurses – A voice to lead: Nursing the World to Health”** focusing on the true value of nurses to the people of the world. The year 2020 truly brought healthcare workers including nurses to forefront as Corona Warriors and demonstrated how nurses are central to addressing a wide range of health challenges during a pandemic.

I am confident that India will work in a mission mode towards the attainment of Universal Health Coverage (UHC) and Sustainable Development Goals (SDG). I feel very delighted to place on record that the contribution of nurses in strengthening healthcare delivery system with their sincerity, dedication and selfless service has been exemplary.

Today, on the occasion, we pay tribute to all nurses who give their best every day to save lives and ensure healthcare of patients. I would like to extend heartfelt gratitude to the nursing fraternity of India who as our COVID warriors are working day and night to keep us protected. I strongly believe that responsive, efficient and adequate health workforce is one of the core components of a functional health system and nurses & midwives play an indispensable role in the delivery of essential healthcare services. I would like to reinforce that interest of nurses are close to my heart and I will continue to support nurses in all their causes in all my capabilities.

I am extremely happy to congratulate the 51 awardees of National Florence Nightingale Award for the year 2020 whose outstanding contributions are being recognized by the Government of India. I hope that the award will remain a source of inspiration for all the nursing professionals and other healthcare professionals in the country. Once again congratulations to entire nursing community.

(Dr. Bharati Pravin Pawar)

राजेश भूषण

सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

संदेश

दुनिया यकीनन कोरोना वायरस महामारी के रूप में सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से गुजर रहा है। इस परीक्षा की घड़ी में परिचारक गण स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के लिए रीढ़ की हड्डी साबित हुए हैं। स्वास्थ्य कर्मियों की कुल संख्या की लगभग दो तिहाई संख्या नर्सों और दाइयों की है और ये प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक देखभाल संस्थानों में रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, रोगों के उपचार और पुनर्वास सेवाओं की एक विस्तृत विविधता प्रदान करते हैं।

सों द्वारा समाज में किए गए योगदान को पहचान प्रदान करने के उद्देश्य से हर वर्ष 12 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 2020 को ''इंटरनेशनल ईयर ऑफ नर्सेज एंड मिडवाइव्स'' के रूप में घोषित किया गया था।

आधुनिक नर्सिंग पेशे की स्थापना में नाइटिंगेल के स्थायी योगदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य, अस्पताल की डिजाइनिंग और नर्सिंग शिक्षा को औपचारिक रूप देने में उनका योगदान नर्सिंग व्यवसाय के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा है। पर्याप्त प्रशिक्षण, अनुभव और दक्षताओं के साथ नर्स एवं दाई वैयक्तिक, पारिवारिक तथा समुदायिक स्तर पर प्रभावी और व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकते हैं। वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भी प्रभावी रूप से भाग ले सकते हैं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। मैं, अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर देश की प्रत्येक नर्स को बधाई प्रेषित करता हूं।

यह सर्वविदित है कि पूरी दुनिया में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जिनमें नर्सें भी शामिल हैं, कोविड–19 महामारी से प्रभावित हुए हैं। इसके बावजूद, नर्स पूरे दृढ़ संकल्प के साथ इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए सतत् संघर्ष कर रही हैं। मैं, इस पुस्तिका के माध्यम से भारत के इन योद्धाओं की सराहना करता हूं जो 'स्वस्थ भारत' के निर्माण में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में खड़े हैं और इस बात की पुष्टि करते हैं कि नर्सों में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में सुधार लाने की जबरदस्त क्षमता विद्यमान है।

मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि 51 उत्कृष्ट नर्सिंग कर्मियों को उनके द्वारा प्रदान की गई मेधावी सेवाओं को पहचानने और सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि नर्सिंग सेवाएं अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ती रहेंगी और मानवता की बेहतरी के लिए स्थायी योगदान प्रदान करेंगी। मैं इस अवसर पर अपने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण और अथक प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

(राजेश भूषण)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

सत्यमेव जयते

Rajesh Bhushan

Secretary, Department of Health & Family Welfare,
Ministry of Health & Family Welfare, Government of India

MESSAGE

The world is witnessing arguably the biggest public health crisis in the form of Coronavirus pandemic. During these testing times, Nurses have proven to be the backbone of the health care system. Nurses and midwives form nearly two third of the health workforce and provide a wide range of services in Primary, Secondary, and Tertiary care settings, from prevention of illnesses, promotion of health, to treatment of diseases and rehabilitation.

International Nurses Day is celebrated around the world on 12th May every year to mark the contributions, nurses make to the society. The year 2020 was declared as the International year of the Nurse and Midwife to commemorate the 200th birth anniversary of Florence Nightingale.

Nightingale's lasting contribution has been her role in founding the modern nursing profession. Her contribution towards public health, hospital designing and formalising nursing education were highly significant to nursing profession. Nurses and midwives with adequate training, experience and competencies, can provide effective and comprehensive healthcare to individuals, families and communities. They can also effectively participate in national health programs and meet the national health targets. I congratulate each and every nurse on International Nurses Day.

It is known that a large number of health workers including nurses worldwide have been affected by COVID-19 & despite this, nurses continue to fight to control the spread of this disease with complete determination. I take this platform to appreciate these warriors of India who are an important pillar of healthy India and reaffirm that nurses have tremendous potential to improve health care system.

I am happy to know that 51 nursing personnel are being awarded the National Florence Nightingale awards to recognize and honour the meritorious services rendered by these outstanding nursing personnel. I am sanguine that nursing services will continue to grow to their full potential and would make a lasting contribution to Humanity. I take this opportunity to wish all our awardees for their extraordinary and untiring efforts.

(Rajesh Bhushan)

सत्यमेव जयते

डॉ. टी. दिलीप कुमार

अध्यक्ष, भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली

संदेश

नर्सें हमारे देश की शहरी तथा ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्वास्थ्य संवर्धन, रोगों की रोकथाम, उपचार, देखभाल, पुनर्वास, स्वास्थ्य साक्षरता और रोगी सुरक्षा में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। नर्सिंग वर्तमान में स्वास्थ्य क्षेत्र का सबसे बड़ा व्यावसायिक समूह है, जो कि कुल स्वास्थ्य कर्मियों का लगभग 59 प्रतिशत है।

कोविड–19 के कारण फैली महामारी ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नर्सों की अमूल्य सेवा को उजागर कर दिया है। पिछले दो वर्ष के दौरान, अत्यधिक सक्षम नर्सिंग कर्मियों ने वैयक्तिक सुरक्षा किट और मास्क पहनकर, अपने परिवारों को पीछे छोड़कर, अक्सर मानवता की देखभाल के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर घातक स्वास्थ्य देखभाल परिस्थितियों में अग्रिम पंक्ति में मौजूद रहकर अथक कार्य किया है। इतनी बड़ी आबादी वाले हमारे देश के सभी राज्यों में टीकाकरण का इतना कवरेज नर्सों के समर्पण और कर्तव्यपरायणता के बिना संभव नहीं हो सकता था।

वर्ल्ड हैल्थ असेंबली में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापिका फ्लोरेंस नाइटिंगेल के 200वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में वर्ष 2020 को ''इंटरनेशनल ईयर ऑफ नर्सेज एंड मिडवाइव्स'' के रूप में मनाना घोषित किया गया था। अंतराष्ट्रीय उपचर्या परिषद् (आईएनसी) द्वारा वर्ष 2020 के लिए थीम के रूप में **''नर्सेज : ए वॉयस टु लीड – नर्सिंग द वर्ल्ड टू हैल्थ''** को चुना गया था ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि नर्स स्वास्थ्य चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संबोधित करने में किस प्रकार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नर्सों के साहस, देखभाल करने की उनकी लगन और करुणामयी व्यवहार ने पूरे वर्ष कोविड–19 से इस से इस प्रकार लड़ाई लड़ी जैसी कि पहले कभी नहीं देखी गई।

भारत सरकार और भारतीय उपचर्या परिषद् ने पिछले कुछ वर्ष में भारत में नर्सिंग शिक्षा और उसकी गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन पहलों में नर्स प्रैक्टिशनर इन मिडवाइफरी तथा नर्स प्रैक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर जैसे नर्स प्रैक्टिशनर कार्यक्रम, नेशनल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी ड्राफ्ट बिल और नया योग्यता आधारित बी.एससी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रम शामिल हैं। कई आवासीय कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं ताकि नर्सिंग समुदाय कार्य करते–करते जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी से परे विशेषज्ञता का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। नर्सिंग संकाय और छात्रों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारतीय उपचर्या परिषद् ने दिल्ली राजधानी क्षेत्र में नेशनल रिफरेंश सिमुलेशन सेंटर भी स्थापित किया है। मध्य–स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता पाठ्यक्रम का बी.एससी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रम में सम्मिलन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को आयुष्मान भारत पहल के तहत नए रूपांतरित स्वास्थ्य तथा कल्याण केंद्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल दलों का नेतृत्व करने में सक्षम बनाएगा।

आज राष्ट्र उन उत्कृष्ट नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित कर रहा है जो स्वास्थ्य समुदाय को मजबूत रखते हैं। मुझे आशा है और साथ ही पूरा विश्वास है कि राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार, जो पुरस्कार विजेताओं की विशेषज्ञता के विशाल क्षेत्रों को उजागर करते हैं, तथा वास्तव में देखा जाए तो पूरे जीवनकाल में केवल एक बार आने वाला अनुभव है, इस बहुत महत्वपूर्ण व्यवसाय को मान्यता देने में मदद करेंगे और भविष्य की नर्सिंग पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नर्सिंग सेवाएं अपनी पूरी क्षमता के साथ बढ़ती रहेंगी और इस अवसर पर हम अपने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण और अथक प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। मैं सभी प्रत्येक पुरस्कार विजेताओं को बधाई देता हूं और उन्हें तथा उनके परिवारों को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(डॉ. टी. दिलीप कुमार)

सत्यमेव जयते

Dr. T. Dileep Kumar

President, Indian Nursing Council, New Delhi

MESSAGE

Nurses play a pivotal role in urban and rural Health Care delivery system of our country. Their role in health promotion, disease prevention, treatment, care, rehabilitation, health literacy & patient safety is crucial. Nursing is currently the largest occupational group in health sector, accounting for almost 59% of health professionals.

The COVID-19 induced pandemic has highlighted the invaluable service of Nurses to each and everyone. During the last two years, highly competent nursing professionals present at the front line of acute health care settings have worked tirelessly, donning personal protective kits and masks, leaving behind their families, often risking their lives to care for humanity. The level of immunisation coverage across the States in a populous country like ours, would not have been possible without its dedicated and passionate nurses.

The World Health Assembly designated 2020 as the International Year of the Nurse and Midwife to honour the 200th birth anniversary of Florence nightingale who is the founder of the modern nursing. The theme for the year 2020 by International Council of Nurses (ICN) was aptly chosen as "***Nurses: A Voice to Lead – Nursing the World to Health"*** to demonstrate how nurses are central to addressing a wide range of health challenges. The courage, caring and compassion of nurses collided with COVID 19 in a year like no other.

The Government of India & Indian Nursing Council have rolled out significant measures in the last few years to improve education & quality of Nursing in India. These initiatives include a nurse practitioner program (Nurse Practitioner in Midwifery & Nurse Practitioner in Critical care), National Nursing and Midwifery draft bill & new competency based B.Sc. (Nursing) syllabus. Residency programs have been added to allow nurses to start specializing beyond General Nursing & Midwifery while they 'Learn and Earn'. INC has also set up National Reference Simulation Centre in Delhi, NCR to provide State of the Art training to nursing faculty & students. The integration of mid level health care provider syllabus into BSc Nursing will enable Community Health Officers to lead primary health care teams at the newly transformed Health and Wellness Centres under the Ayushman Bharat Initiative.

Today, the nation is honouring those distinguished nursing personnel who keep the health community running strong. It is my hope and belief that presentation of National Florence Nightingale Awards which highlight vast areas of expertise of awardees, indeed often a lifetime of experiences, will help in recognition of this very important profession and will continue to inspire future nursing generations. I am sanguine that nursing services will continue to grow to their full potential and take this opportunity to wish all our awardees for their extraordinary and untiring efforts. I congratulate each and everyone of the Awardees and wish them and their families all the best.

(Dr. T. Dileep Kumar)

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2020

12 मई, 2020

फ्लोरेंस नाइटिंगेल

12 मई, 1820 – 13 अगस्त, 1910

12 मई को दुनिया भर में हर वर्ष फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के अवसर पर उनकी निःस्वार्थ सेवा और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, अस्पतालों की अभिकल्पना, स्वास्थ्य देखभाल, सांख्यिकी तथा नर्सिंग शिक्षा के औपचारीकरण में नर्सिंग साइंस को समाविष्ट करके, इनमें सामाजिक सुधार लाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए "अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस" मनाया जाता है। समाज, स्वास्थ्य देखभाल और नर्सिंग में उनके योगदान के लिए फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग क्षेत्र के श्रद्धेय पथ–प्रदर्शक के रूप में देखा जाता है।

प्रारंभिक जीवन

फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली में विक्टोरियन युग के एक धनाढ्य परिवार में हुआ था। वह एडवर्ड और फ्रांसिस नाइटिंगेल की दो बेटियों में से छोटी बेटी थीं। नाइटिंगेल के समृद्ध ब्रिटिश परिवार की गिनती संभ्रांत समाज में की जाती थी। फ्लोरेंस नाइटिंगेल बचपन से ही बहुत बुद्धिमान थीं और उनके पिता ने उन्हें रसायन शास्त्र, गणित, सांख्यिकी, जर्मन, फ्रेंच और इतालवी के साथ–साथ शास्त्रीय शिक्षा भी दिलवाई। बचपन से ही, वह पड़ोसी गांव में बीमार और गरीब लोगों की सेवा करने जैसे परोपकारी कार्यों में सक्रिय रहती थीं। 16 वर्ष की उम्र में ही उनको यह बात समझ आ गई थी कि नर्सिंग ही उनके लिए सर्वोत्तम कार्यक्षेत्र है और उन्होंने इसे ही अपना उत्कृट उद्देश्य मान लिया।

जब नाइटिंगेल ने अपने माता–पिता को नर्स बनने की अपनी महत्वाकांक्षा के बारे में बताया, तो वे खुश नहीं हुए बल्कि उन्हें नर्स बनने से हतोत्साहित किया। उन जैसे संभ्रांत परिवार की एक युवती को नर्स नहीं बनना चाहिए, क्योंकि इसे एक तुच्छ कार्य माना जाता था। लेकिन उनका मानना था कि केवल ज्ञान और निपुणता का प्रयोग करके ही वह सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद कर सकती हैं। असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने नर्सिंग को ही अपनी जीवन–वृत्ति चुना और जर्मनी से नर्सिंग का प्रशिक्षण लिया।

क्रीमिया की जंग के दौरान उनकी एक नर्स के रूप में सेवा

1850 के दशक की शुरुआत में, नाइटिंगेल लंदन लौट आईं और बीमार प्रशासिकाओं की देखभाल के

INTERNATIONAL NURSES DAY 2020

12th May, 2020

FLORENCE NIGHTINGALE

12th May, 1820 – 13th August, 1910

International Nurses Day is celebrated every year worldwide on 12th May, the birth anniversary of Florence Nightingale to commemorate her selfless service and significant contributions towards public health, hospital designing, social reforms towards improving health care, statistics and formalization of nursing education incorporating the science of nursing. In view of her contributions to society, health care and nursing, Florence Nightingale is acknowledged and revered as the pioneer of modern nursing.

Early Life

Florence Nightingale was born in Italy on the 12th May in 1820. She was the younger of two daughters, born to Edward and Frances Nightingale, a wealthy family during the Victorian era. Nightingale's affluent British family belonged to elite social circles. Florence Nightingale was an intelligent child and her father provided her with classical education including studies in chemistry, mathematics, and statistics, German, French and Italian. From a very young age, she was active in philanthropy, ministering to ill and poor people in the neighboring village. By 16 years of age, it was clear to her that nursing was her calling and she believed it to be her divine purpose.

When Nightingale approached her parents and told them about her ambition to become a nurse, they were not pleased and discouraged her to pursue nursing. A young lady of their social structure will not take up nursing, which was considered as menial labor. But she recognized that only with knowledge and skill, could she help improve public health. Showing great courage and determination, she followed her calling and got trained as a nurse from Germany.

लिए मिडलसेक्स अस्पताल में नर्स के तौर पर कार्य करना शुरू किया। उनके प्रदर्शन से प्रसन्न होकर नियोक्ताओं ने एक वर्ष के अंदर ही उनकी पदोन्नति नर्सिंग अधीक्षक के रूप में कर दी। उन्होंने नर्सिंग देखभाल, कार्य संचालन की परिस्थितियों और अस्पताल की कार्यक्षमता में सुधार लाकर एक प्रशासक के रूप में अपनी निपुणता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।

क्रीमिया की जंग के दौरान, ब्रिटिश सरकार के तत्कालीन युद्ध सचिव ने उन्हें क्रीमिया में घायल हुए बीमार सैनिकों की देखभाल करने के लिए नर्सों का एक दल तैयार करने के लिए एक पत्र लिखा था। नाइटिंगेल ने भिन्न–भिन्न धार्मिक विचारधाराओं को मानने वाली 34 नर्सों के एक दल को तुरंत एकत्रित किया और उनके साथ क्रीमिया के लिए निकल पड़ीं। ब्रिटिश बेस अस्पताल स्कुटारी पहुंचने पर, उन्होंने पाया कि अस्पताल में साफ–सफाई की हालत बहुत खराब है, बुनियादी जरूरत की चीजों की कमी है, रोगियों की संख्या बहुत अधिक है जिन्हें गिचपिच तरीके से रखा हुआ है, और अधिकतर सैनिकों की मौत हैजा (कॉलरा) एवं मियादी बुखार (टाइफाइड) जैसी संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही है।

उन्होंने अपने साथ गई नर्सों के साथ मिलकर अस्पताल चलाने का कार्यभार अपने हाथों में ले लिया। रोगियों के कक्षों (वार्ड्स) की साफ–सफाई की गई, देखभाल के स्तर को बेहतर बनाया गया, और उनकी ज़हनी जरूरतों को पूरा करने के साथ–साथ पर्याप्त भोजन सामग्री की व्यवस्था की गई। शाम को वह रोगियों से मिलने जाने के लिए अंधेरे गलियारों से गुजरते वक्त एक लैंप लेकर चलती थीं और एक के बाद एक सभी रोगियों की सेवा–सुश्रषा करती थीं। संवेदनापूर्वक उनकी देखभाल करने के कारण सैनिक उन्हें ''लेडी विद द लैंप'' के नाम से पुकारने लगे थे। उनके कार्य करने के तरीके से अस्पताल में मृत्यु दर कम होकर पहले के मुकाबले एक–तिहाई हो गई थी। अस्पताल की साफ–सफाई में सुधार लाने के अलावा, उन्होंने रोगियों के लिए रसोईघर, कपड़े धोने के लिए लांड्री, पुस्तकालय और अध्ययन–कक्ष जैसी कई सुविधाओं की शुरुआत की जिसके चलते देखभाल की गुणवत्ता में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से काफी सुधार आया। क्रीमिया से वापस लौटने के बाद, उन्होंने धन जुटाया, और उससे लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में एक नर्सिंग स्कूल की स्थापना की। उन्होंने अपने जीवन के उत्तरार्ध को पूर्णतः नर्सों के पढ़ाने और नर्सिंग पेशे के मानकीकरण के लिए समर्पित कर दिया था। वह अस्पतालों में रोजगार के अवसर ढूंढ़ने वाली नर्सों को प्रशिक्षण देने का कार्य भी करती थीं।

नर्सिंग पर नाइटिंगेल का प्रभाव (समाज सुधारक, दूरदर्शी अधिनायक और सलाहकार)

वह एक समाज सुधारक और दूरदर्शी अधिनायक थीं, जिन्होंने बहुत बड़े परिपेक्ष्य की परिकल्पना की थी और उन्होंने नर्सिंग क्षेत्र में परिवर्तन लाने के लिए घिसी–पिटी पद्धति से बाहर निकलकर कार्य किया। उन्होंने ब्रिटिश सेना के अस्पतालों में स्वास्थ्य, कार्यकुशलता और उनके प्रबंधन को प्रभावित करने वाले कारणों और खराब परिस्थितियों में चल रहे अन्य सैन्य अस्पतालों में सुधार लाने के लिए बहुत से नोट्स लिखे। सुधारों पर अपनी राय को सभी तक पहुंचाने के लिए, उन्होंने दो किताबें, ''नोट्स ऑन हॉस्पिटल'' और ''नोट्स ऑन नर्सिंग'' भी प्रकाशित कीं।

सरकार में उनके अपने संपर्कों के जरिए उनकी बुलंद आवाज़ ने कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों पर एक प्रभावी पक्षसमर्थक का कार्य किया और वह सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित करते हुए सकारात्मक स्वास्थ्य सुधार हासिल करने में सफल रहीं। एक भावुक सांख्यिकीविद् के रूप में, उन्होंने व्यापक अनुसंधान और विश्लेषण किए और अस्पतालों की स्वच्छता, प्रबंधन एवं अभिकल्पना, और गरीबों के लिए दाइयों (मिडवाइफरी) तथा स्वास्थ्य देखभाल पर 200 से अधिक रिपोर्ट प्रकाशित कीं। वह सांख्यिकीय ग्राफिक्स में अग्रणी थीं और उन्हें पाई चार्ट का एक प्रारूप विकसित करने का श्रेय दिया जाता है जिसे अब एक आधुनिक वृत्ताकार हिस्टोग्राम (मॉडर्न सरकूलर हिस्टोग्राम) के समतुल्य ध्रुवीय क्षेत्र आरेख (पोलर एरिया डायग्राम) के रूप में जाना जाता है।

नाइटिंगेल ने उन महत्वपूर्ण विचारों को व्यक्त किया जो आज के युग में भी नर्सिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं जैसे मान्यताएं, दूरदर्शिता और अभिव्यक्ति। उनकी कार्यशैली जीवनपर्यन्त उनकी दृढ़ मान्यताओं से प्रभावित रही। उन्होंने नर्सिंग की परिकल्पना लोगों के जीवन में मददगार के रूप में की थी और नर्सों की सत्यनिष्ठा

Service as a Nurse/Crimean War

In the early 1850s, Nightingale returned to London and took a nursing job in a Middlesex hospital for ailing governesses. Her performance impressed the employer and she was promoted as nursing superintendent within a year. She successfully displayed her skills as an administrator by improving nursing care, working conditions and efficiency of the hospital.

During the Crimean war, the then secretary of war from British government wrote to her to organize a corps of nurses to tend to the sick and wounded soldiers in Crimea. Nightingale quickly assembled a team of 34 nurses from a variety of religious orders and sailed with them to Crimea. On her arrival at Scutari, the British base hospital, she discovered the poor sanitary conditions of the hospital, lack of basic supplies, overcrowding and more soldiers dying from infectious diseases like cholera and typhoid.

She and her nurses took over the running of the hospital. The wards were cleaned, standards of care were established, and adequate food was provided alongside meeting their psychological needs. In evenings, she moved through dark hallways carrying a lamp while making her rounds, ministering to patient after patient. The soldiers comforted by her compassion called her 'Lady with the Lamp'. Her work reduced hospital's death rate by two thirds. Besides improving the sanitary conditions of the hospital, she created a number of patient services such as kitchen, laundry, library and classroom that have directly and indirectly contributed to the quality of care. After she returned from Crimea, she raised funds with which, she had established a school of nursing at St. Thomas hospital in London. She dedicated her later years to teaching and standardizing nursing profession. She was also involved in training nurses for employment in workhouses.

Nightingale's influence on Nursing (Social Reformer, Visionary Leader and Advocate)

She was a social reformer. She was a visionary leader and saw the big picture and went outside the system to enact change. She wrote notes on matters affecting health, efficiency, hospital administration of British army and proposing reforms for other military hospitals operating under poor conditions. To spread her opinions on reforms, she published two books, Notes on Hospitals and Notes on Nursing.

Her voice was strong and served as an effective advocate on a number of important health issues, through her contacts in the government. She influenced public policy and achieved positive health care reforms. As a passionate statistician, she conducted extensive research and analysis and published over 200 reports on hygiene, hospital administration and design, and midwifery and health care for the poor. She was a pioneer in statistical graphics and is credited with developing a form of pie chart now known as the polar area diagram equivalent to a modern circular histogram.

Nightingale personified many of the important ideas that are crucial to nursing today namely values, vision and voice. Her strong values influenced her work through out her life. She saw nursing as helping people to live and promoted the importance of nurses' integrity. Her vision completely changed society's

के महत्व को बढ़ावा दिया। उनकी दूरदर्शिता ने नर्सिंग की तरफ समाज के दृष्टिकोण को पूरी तरह से बदल दिया। वह स्वास्थ्य देखभाल में नर्सों के अमूल्य योगदान को भलीभांति समझती थीं। वह व्यक्तिगत देखभाल की हिमायती थीं और उनका मानना था कि रोगी के स्वास्थ्य लाभ के लिए उसकी जरूरतों के प्रति संवेदनशील होना आवश्यक है। उनका मत था कि किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य लाभ के लिए, उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों की देखभाल करना आवश्यक है।

जिसका प्रभाव आज तक जारी है!!

बाद का जीवन

क्रीमिया में बुखार आने के बाद नाइटिंगेल का अधिकांश जीवन गंभीर रूप से बीमारी में गुजरा। फिर भी वह व्यावसायिक रूप से सक्रिय रहीं। मेफेयर में रहते हुए, वह राजनेताओं के साक्षात्कार और प्रतिष्ठित आगंतुकों का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य देखभाल सुधार की विशेषज्ञ और अधिवक्ता बनी रहीं। यद्यपि वह कभी भी भारत नहीं आईं, फिर भी उन्होंने भारत में सैन्य और नागरिक दोनों क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वच्छता के मुद्दों पर अधिकारपूर्वक कार्य किया। खराब स्वास्थ्य के बावजूद, जिसने उन्हें अशक्त बना दिया था, उन्होंने 90 वर्ष की उम्र में अपनी मृत्यु तक अथक कार्य किया।

सम्मान, प्रशंसा और विरासत

नाइटिंगेल को आम सैनिकों के रक्षक, नर्सिंग सुधारों के वैचारिक रहनुमा और एक अग्रणी समाज सुधारक के लिए बहुत से सम्मानों और प्रशंसापत्रों से नवाज़ा गया। वर्ष 1908 में, उन्हें किंग एडवर्ड द्वारा ''मेरिट आफ ऑनर'' और ''फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन'' से सम्मानित किया गया। उन्हें ''जर्मन ऑर्डर ऑफ द क्रॉस ऑफ मेरिट'' और ''फ्रेंच गोल्ड मेडल ऑफ सिकॅर्स ॲक्स ब्लॅसेज मिलिटॅरिस'' से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 1859 में, उन्हें रॉयल स्टेटिस्टिकल सोसाइटी की पहली महिला सदस्य चुना गया और बाद में वह अमेरिकन स्टेटिस्टिकल एसोसिएशन की मानद सदस्य बनीं।

मूल 'नाइटिंगेल ट्रेनिंग स्कूल फॉर नर्सेज' के स्थान पर अब फ्लोरेंस नाइटिंगेल संग्रहालय विद्यमान है, जिसमें ''एंजेल ऑफ द क्रीमिया'' और ''लेडी विद द् लैंप'' के जीवन और आजीविका से संबंधित 2000 से अधिक कलाकृतियां उनकी याद में प्रदर्शित की गई हैं। उनके उदाहरण के स्वरूप, उच्चवर्गीय समाज भी अब नर्सिंग को एक सम्माननीय व्यवसाय के रूप में देखने लगा है।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का इतिहास

नर्स दिवस के प्रस्ताव की घोषणा सर्वप्रथम वर्ष 1953 में अमेरिका के स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याण विभाग के एक अधिकारी श्री डॉरॅथी सॅदरलेंड द्वारा की गई थी। लेकिन, अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् (आईसीएन) ने नर्स दिवस केवल वर्ष 1965 से मनाना शुरू किया था। वर्ष 1974 में, अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाने के लिए 12 मई का दिन चुना गया, क्योंकि इस दिन फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिवस था। अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् हर वर्ष एक विषय (थीम) का चयन करती है और दुनिया भर में नर्सों की गतिविधियों को उस विषय की ओर संचालित करती है। इस अवसर पर, अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् हर वर्ष शैक्षणिक और सार्वजनिक सूचना किट तैयार कर पूरे विश्व में नर्सों के उपयोग के लिए वितरित करती है।

नर्स और 'सबका स्वास्थ्य'

'सबका स्वास्थ्य' का अर्थ है कि स्वास्थ्य को प्रत्येक देश के हर प्राणी की पहुंच तक लाना है। 'सबका स्वास्थ्य' की अभिकल्पना को हकीकत बनाने के लिए, वैयक्तिक और सामुदायिक स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की पहुंच होनी चाहिए ताकि वे अपने स्वयं के और अपने परिवार के स्वास्थ्य की देखभाल करने में सक्षम हो सकें; कुशल स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गुणवत्तापरक तथा लोगों पर केंद्रित देखभाल प्रदान की जाए; और नीति निर्माता प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हों। अभ्यास के विषय–क्षेत्र के अनुसार, नर्सों द्वारा यथोचित, सुगम्य और साक्ष्य आधारित देखभाल प्रदान की जाती है। नर्सें, रोगी के सलाहकार के रूप में अपनी मुख्य भूमिका, अपने वैज्ञानिक तर्क कौशल, संख्या और सांतत्यक देखभाल पहुंच के कारण, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नीतियों के

approach to nursing. She understood the valuable contribution nurses could make in health care. She was committed to personalized care and saw that sensitivity to patient's needs was key to recovery. She believed that it was important to look after individual's health both physical as well as mental.

Her influence continues!!

Later Life

Nightingale was seriously ill, most of her later life after contracting Crimean fever. Yet she remained professionally active. Residing in Mayfair, she remained an authority and advocate of health care reform interviewing politicians and welcoming distinguished visitors. She served as an authority on public sanitation issues in India for both military and civilians, although she had never visited India herself. Despite poor health, which left her an invalid, she worked tirelessly until her death at 90.

Honors, Appreciation and Legacy

Nightingale had received several honors and appreciation for the common soldier's savior, ideological leader of nursing reform and a pioneering social reformer. She was conferred the merit of honor by King Edward and the freedom of the city of London in 1908. She also received German order of the Cross of Merit and the French Gold medal of Secours aux Blesses Militaries. In 1859, she was elected the first woman member of the Royal Statistical Society and later became an honorary member of the American Statistical Association

Florence Nightingale museum sits at the site of original Nightingale training school for nurses and houses more than 2000 artifacts commemorating the life and career of the 'Angel of the Crimea' and 'Lady with the Lamp' Her example has enabled upper social class to view nursing as an honorable vocation.

History of International Nurses Day

The Nurses day was first proposed and proclaimed by Dorothy Sutherland, an official in the U.S. Department of Health, Education and Welfare in the year 1953. It was only since 1965, the International Council of Nurses (ICN) commemorated Nurses Day. It was in 1974, 12^{th} May was chosen by ICN for the celebration of International Nurses Day, as it was the birth anniversary of Florence Nightingale. Each year ICN selects a theme and directs the activities of nurses towards the theme across the world. On this occasion, ICN prepares and distributes educational and public information kit for use throughout the year by nurses everywhere.

Nurses and Health for All

Health for All means that health is brought into reach of everyone in every country. To make Health for All a reality, individuals and communities should have access to high quality health services so that they are empowered to take care of their own health and health of their families; skilled health workers provide quality and people centred care; and policy makers committed to investing in primary health care. According to the scope of practice, nurses provide appropriate, accessible and evidence based care. With a core role as patient advocate, their scientific reasoning skills, numbers and spectrum of care across the continuum, nurses are ideally placed to lead and inform health services decision making policy development.

विकास हेतु निर्णय लेने में नेतृत्व तथा सूचना देने में अग्रणी स्थान रखते हैं। बहुत सी स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने और वैयक्तिक, सामुदायिक और वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं का उत्तरदायित्व निभाने में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् की आचार संहिता में उद्धृत है कि ''नर्सिंग देखभाल में उम्र, रंग, संप्रदाय, संस्कृति, विकलांगता या बीमारी, लिंग भेद, लैंगिक रुझान, राष्ट्रीयता, राजनीति, प्रजाती या सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी का सम्मान निहित है। नर्सिंग की आवश्यकता सार्वभौमिक है।'' (आईसीएन, 2012)

दुनिया भर में सबसे बड़े स्वास्थ्य पेशे के रूप में तथा उन सभी क्षेत्रों में कार्य करते हुए जहां स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जाती है, अर्थात नर्सिंग में व्यापक सामर्थ्य और उपयोगिता विद्यमान हैं यदि इसे उचित रूप से 'सबका स्वास्थ्य' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उपयोग में लाया जाए। रोगियों के सबसे करीब होने के कारण नर्स उनकी आवाज़ को नीति निर्धारकों तक पहुंचा सकते हैं। नर्सों द्वारा स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए उपलब्ध सीमित संसाधनों के साथ अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दुनिया भर में 'सबके स्वास्थ्य' की वकालत की जा रही है (केंटन हॉवर्ड एंड एनेट केनेडी, 2019)। अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् नर्सिंग की वैश्विक आवाज़ के रूप में इस बारे में हमेशा आवाज़ उठाती रहती है। वर्ष 2017 से, अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् ''नर्सेज : ॲ वॉयस टु लीड (नर्सें : नेतृत्व करने के लिए एक आवाज़)'' पर ध्यान केंद्रित कर रही है और दुनिया भर में नर्सों को नेतृत्व करने के लिए एक आवाज़ बनने की चुनौती दे रही है क्योंकि 'सबके स्वास्थ्य' की उपलब्धि को प्रभावित करने की स्वास्थ्य सेवा प्रतिपादन में सबसे अग्रणीय नर्सों में बहुत अधिक संभावना विद्यमान है।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2020 की विषय-वस्तु (थीम)

नर्सेज : ॲ वॉयस टु लीड – नर्सिंग द वर्ल्ड टु हैल्थ (नर्सें : नेतृत्व करने के लिए एक आवाज़ – स्वास्थ्य के लिए नर्सिंग जगत)

अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2020 के लिए विषय–वस्तु के रूप में **नर्सेजः ॲ वॉयस टु लीड – नर्सिंग द वर्ल्ड टु हैल्थ (नर्सेंः नेतृत्व करने के लिए एक आवाज़ – स्वास्थ्य के लिए नर्सिंग जगत)** को चुना गया है, जिसका केंद्र बिंदु है विश्व के सभी प्राणियों के लिए नर्सों का असल मूल्य। विषय–वस्तु यह दर्शाती है कि विस्तृत स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने में नर्स कैसे केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। यह नर्सों और जन समुदाय को इस महत्वपूर्ण दिन को उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा, तथा साथ ही यह जानकारी और ऐसे संसाधन भी प्रदान करेगा जो पूरे वर्ष भर इस पेशे की रूपरेखा को विस्तृत करने और नई पीढ़ी को नर्सिंग व्यवसाय में आने के लिए आकर्षित करने में मदद करेगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)

विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्ष 2020 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ द् नर्स एंड मिडवाइफ (नर्सों तथा दाइयों का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष) के रूप में ऐतिहासिक घोषणा ने दाइयों और दाई के पेशे को मजबूत करने की हिमायत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। जब इसकी घोषणा की गई थी तब किसी ने भी ऐसी परिकल्पना नहीं की थी कि यह वर्ष वैश्विक महामारी का होगा। कोविद–19 महामारी ने नर्सों तथा दाइयों और जनमानस की रक्षा करने वाली स्वास्थ्य प्रणालियों में उनके महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने के लिए इसे अविश्वसनीय रूप से सामयिक बना दिया है। हालांकि, 1 जनवरी 2020 से दुनिया भर में महामारी के शुरू होने और फैलते ही, नर्सों तथा दाइयों के योगदान के साथ इसकी शुरुआत हो गई थी, लेकिन कई देशों का ध्यान स्वास्थ्य सेवाओं की ओर चला गया। समुदाय की सेवा करने में नर्सों और दाइयों की बहादुरी और करुणा को दर्शाने वाली अनगिनत कहानियां सामने आई हैं, जिसने संकट के समय में समुदाय को प्रारंभिक स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद प्रेषित करने और उनका सम्मान करने के लिए प्रेरित किया है। दुःख की बात यह है कि इस महामारी ने नर्सों, दाइयों और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त जोखिम में डाल दिया है और बहुत सी नर्सों की जीवन–लीला भी समाप्त हुई है।

Nursing has a pivotal role to address the multiple health challenges and respond to the health needs of individuals, communities and world. ICN code of ethics states that "Nursing care is respectful of and unrestricted by considerations of age, colour, creed, culture, disability or illness, gender, sexual orientation, nationality, politics, race or social status. The need for nursing is universal". (ICN, 2012).

As the largest health profession across the world, working in all areas where health care is provided, Nursing has vast potential and value if appropriately harnessed to finally achieve the vision of Health for All. Being closest to patients, nurses can bring their voice to policy table. Nurses all over the world are advocating for health for all in most challenging circumstances with limited resources to deliver health care (Canton Howard & Annette Kennedy, 2019). ICN as a global voice of Nursing speaks up and speaks out. Since 2017, ICN has been focussing on "Nurses: A Voice to Lead" and challenging nurses worldwide to become a voice to lead since nurses being at the forefront of health care delivery has great potential to impact the achievement of Health for All.

Theme for International Nurses Day 2020

Nurses: A Voice to Lead – Nursing the World to Health

International Council for Nurses (ICN) has chosen the theme, **Nurses: A Voice to Lead – Nursing the World to Health** for its International Nurses Day 2020, focusing on the true value of nurses to the people of the world. The theme demonstrates how nurses are central to addressing a wide range of health challenges. It will encourage nurses and the public to celebrate the big day, but also provide information and resources that will help to raise the profile of the profession throughout the year and attract a new generation into the nursing family.

World Health Organization (WHO)

WHO's landmark announcement that 2020 as the International Year of the Nurse and Midwife provided an important opportunity to advocate to strengthen midwives and the midwifery profession. When this was announced no one foresaw that it would coincide with a global pandemic. The COVID-19 pandemic has made it incredibly timely to recognize nurses and midwives and their crucial contributions to health systems that protect everyone. Although celebrations began on 1 January 2020, with contributions from nurses and midwives around the world when the pandemic emerged and spread, attention in many countries turned to the strain on health services. Countless stories have shown the bravery and compassion of nurses and midwives in serving their communities and the crisis prompted public displays of thanks and recognition for front line health workers. Tragically, the pandemic has also put nurses, midwives and other health professionals at extra risk and has claimed many lives of nurses.

"Having the International Year of the Nurse and Midwife coincide with Florence Nightingale's bicentennial raises the exciting prospect of nurses finally being recognised for all the good they do. In the year 2020 ICN highlights that nurses are central to the delivery of health care, that nurses are making invaluable contribution to the health of people globally. Nurses, because of their unique role of working

''फ्लोरेंस नाइटिंगेल की 200वी वर्षगांठ और नर्स तथा दाइयों का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष एक ही वर्ष में होने से समुदाय में किए जाने वाले जिस अच्छे कार्य के लिए नर्स पहचाने जाते हैं उसकी रोमांचकता की संभावना और भी अधिक बढ़ जाती है। वर्ष 2020 में अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् ने इस बात पर जोर दिया है कि नर्स स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र का केंद्र बिंदु हैं, और नर्स विश्व स्तर पर लोगों को स्वस्थ रखने में अमूल्य योगदान दे रही हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक लोगों के साथ कार्य करने की उनकी अनूठी भूमिका के कारण नर्सों को स्वास्थ्य नीति में शामिल करने की आवश्यकता है।'' (एनेट केनेडी, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद्, 2020)।

वैश्विक नर्सिंग रिपोर्ट की वस्तुस्थिति और नर्सिंग नाउ अभियान की नाइटिंगेल चुनौती

नर्स और दाइयों के इस वर्ष के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहली वैश्विक नर्सिंग रिपोर्ट की वस्तुस्थिति का प्रकाशन, जो विश्व स्तर पर नर्सिंग कर्मियों का एक विस्तृत आशुचित्र प्रस्तुत करेगा; और नर्सिंग नाउ अभियान की नाइटिंगेल चुनौती, जो युवा नर्स अधिनायकों के एक ऐसे दल का निर्माण करेगा जो अगले दशक में इस व्यवसाय को आगे ले जाएंगे, शामिल हैं। इसके अलावा, दुनिया के राष्ट्रीय नर्सिंग संस्थाओं ने इस व्यवसाय का जश्न मनाने और स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में अपनी अनूठी स्थिति का प्रदर्शन करने के लिए पूरे वर्ष स्थानीय कार्यक्रमों का आयोजन करने की भी योजना बनाई है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस, 7 अप्रैल 2020 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहली बार वैश्विक नर्सिंग रिपोर्ट की वस्तुस्थिति **(स्टेट ऑफ़ वर्ल्ड नर्सिंग रिपोर्ट)** प्रकाशित की थी, जिसमें 190 से अधिक देशों का विवरण शामिल था और नर्सिंग कर्मियों और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के बारे में स्पष्ट निष्कर्षों को उजागर किया था, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि वैश्विक स्तर पर लगभग 60 लाख नर्सों की कमी है जिसमें से 89 प्रतिशत कमी अति गरीब और गरीब देशों में है। सामने लाए गए साक्ष्य देशों का अपने वर्तमान स्वास्थ्य कार्यबल का इष्टतम उपयोग करने में समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं – और भविष्य में स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों की आवश्यकता पर भी जोर डालते हैं। नर्सिंग शिक्षा, रोजगार, कार्य परिस्थितियां और नेतृत्व में महत्वपूर्ण निवेश करने की आवश्यकता है। यह रिपोर्ट आने वाली पीढ़ियों के लिए डेटा संग्रह, नीति संवाद, अनुसंधान एवं वकालत, और स्वास्थ्य कार्यबल में निवेश के लिए एजेंडा निर्धारित करेगी।

तीन वर्ष के इस वैश्विक **नर्सिंग नाउ अभियान** (2018–2020) का उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) में नर्सों की भागीदारी को बढ़ाना तथा दुनिया भर में नर्सिंग की प्रोफाइल और स्थिति को बढ़ाकर स्वास्थ्य में सुधार लाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् के सहयोग से चलाए जाने वाला 'नर्सिंग नाउ' अभियान 21वीं शताब्दी की स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए नर्सों को सशक्त बनाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने में उनके योगदान को अधिकतम करने का प्रयास कर रहा है। यह अभियान इन पांच मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित हैः यह सुनिश्चित करना कि स्वास्थ्य नीति निर्धारण में नर्सों और दाइयों के सुझावों को अधिक महत्व दिया जाए; नर्सिंग कार्यबल में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहन दिया जाए; संचालनीय पदों पर अधिक नर्सों की नियुक्ति की जाए; ऐसे अनुसंधानों का संचालन किया जाए जो यह निर्धारित करने में मदद करते हैं कि नर्सों का सबसे अधिक प्रभाव कहां हो सकता है; और सर्वोत्तम नर्सिंग प्रथाओं का सहभाजन। यह अभियान यूनाइटेड किंगडम (यूके) स्थित एक स्वतंत्र धर्मार्थ ट्रस्ट, बर्डेट ट्रस्ट फॉर नर्सिंग के कार्यक्रम के रूप में चलाया जा रहा है। यूके ऑल–पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप ऑन ग्लोबल हेल्थ के सह–अध्यक्ष लॉर्ड निगेल क्रिस्प और ग्लोबल एचआईवी प्रिवेंशन कोएलिशन के सह–अध्यक्ष प्रोफेसर शीला ट्लू इस अभियान के सह–अध्यक्ष हैं।

भारत में 'नर्सिंग नाउ' अभियान का शुभारंभ तत्कालीन माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सुरेश प्रभु द्वारा ''नर्सेज एंड मिडवाइव्स फॉर यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज'' पर दिनांक 29 नवंबर से 1 दिसंबर, 2018 के दौरान भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा आयोजित तथा अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् द्वारा समर्थित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किया गया था। इस संबंध में भारत में कई और कार्यक्रम आयोजित

with people from birth to death, need to be involved in health policy." (Annette Kennedy, ICN President, 2020).

State of the World's Nursing Report & Nursing Now Campaign's Nightingale Challenge

In this year of Nurses and Midwives, key events include the publication of the first WHO State of the World's Nursing Report, which will provide a detailed snapshot of the nursing workforce globally, and the Nursing Now Campaign's Nightingale Challenge, which will produce a new cohort of young nurse leaders who will take the profession forward over the next decade. In addition, the world's National Nursing Associations has planned to organise local events throughout the year to celebrate the profession and demonstrate its unique position in the health care landscape.

On World Health Day, 7 April 2020, the World Health Organization published the first ever **State of World's Nursing Report** that included data from over 190 countries and revealed clear findings about the nursing workforce and UHC highlighting the global shortage of 6 million nurses, with 89% of the shortage in low and lower-middle income countries. The evidence brought in is important to support countries to make the maximum use of their current health workforce – and forecast needs for a health workforce that can meet future health challenges. Significant investments in nursing education, employment, working conditions, and leadership are the main focus. The report will set the agenda for data collection, policy dialogue, research and advocacy, and investment in the health workforce for generations to come.

A three-year global **Nursing Now Campaign** (2018-2020), aims to maximize nurses' contribution to UHC and improve health by raising the profile and status of nursing worldwide. Run in collaboration with the World Health Organization and the International Council of Nurses, 'Nursing Now' seeks to empower nurses to take their place at the heart of tackling 21st century health challenges and maximize their contribution to achieving Universal Health Coverage. The campaign focuses on five core areas: ensuring that nurses and midwives have a more prominent voice in health policy-making; encouraging greater investment in the nursing workforce; recruiting more nurses into leadership positions; conducting research that helps determine where nurses can have the greatest impact; and sharing of best nursing practices. The campaign is being run as a programme of the Burdett Trust for Nursing, an independent charitable trust based in the UK. The campaign is co-chaired by Lord Nigel Crisp, Co-Chair of the UK All-Party Parliamentary Group on Global Health, and Professor Sheila Tlou, Co-Chair of the Global HIV Prevention Coalition.

In India 'Nursing Now' campaign was launched by Shri Suresh Prabhu, than Hon'ble Union Minister of Commerce & Industry and Civil Aviation, during the International Conference on "Nurses and Midwives for Universal Health Coverage" hosted by Indian Nursing Council and endorsed by International Council of Nurses from 29th November to 1st December, 2018. Many more events have been planned in India in this regard but however it could not happen successfully in view of the COVID-19 pandemic crisis. The Nightingale challenge in India is focusing on preparing and empowering

करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन कोविद–19 महामारी के मद्देनजर इनका आयोजन सफलतापूर्वक नहीं हो सका। भारत में नाइटिंगेल चुनौती भविष्य के लिए युवा नर्सिंग अधिनायक तैयार करने और उन्हें सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारतीय उपचर्या परिषद् इस महान साहसिक उपक्रम के लिए अग्रणी और हिमायती संस्था है और नर्सों की संख्या प्रस्तावित लक्ष्य से भी अधिक हो गई है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हाल ही में की गई पहल जैसे कि बी.एससी. नर्सों को मध्यस्तरीय स्वास्थ्य कर्मियों (एमएलएचडब्ल्यू)/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रदाताओं (सीएचपी) के रूप में शामिल करने और दाइयों (मिडवाइफ) द्वारा संचालित देखभाल इकाइयां शुरू करने के साथ–साथ भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा नर्स प्रेक्टिशनर इन मिडवाइफरी (एनपीएम) पाठ्यक्रम विकसित करना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और भारत में 'सबका स्वास्थ्य' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में नर्सों की अधिक भागीदारी को दर्शाता है। दाई कर्मियों की संख्या को बढ़ाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्रदान करने में उनकी भागीदारी और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 1,50,000 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों में दाई का कार्य करने के लिए मध्यस्तरीय स्वास्थ्य कर्मी (एमएलएचडब्ल्यू)/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रदाता (सीएचपी) तैयार करने और नियोजित करने; और चिकित्सा महाविद्यालयों व अस्पतालों की दाई द्वारा संचालित देखभाल इकाइयों तथा जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएसचसी) में दाई का कार्य करने के लिए 86,000 नर्स प्रेक्टिशनर इन मिडवाइफरी (एनपीएम) तैयार करने और नियोजित करने के प्रयास सराहनीय पहल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस, नर्सों को आभास दिलाता है कि वे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार लाने के लिए प्रवक्ता या आवाज़ बनें, जिससे लोगों पर आधारित स्वास्थ्य देखभाल मिल सके और उन्हें भारत में स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य प्रणालियों को बदलते वक्त स्वास्थ्य नीति, योजना और प्रावधानों को प्रभावित करने में सक्षम बनाता है।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2020 - संसाधन

अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस (आईएनडी) 2020 के लिए कई पोस्टर निकाले हैं, जो दुनिया भर में नर्सों के कार्य की विविधता, तथा विभिन्न परिस्थितियों और अक्सर कठिन परिस्थितियों में उनके द्वारा की जाने वाली देखभाल को दर्शाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2020 में, नर्सिंग क्षेत्र में अधिक निवेश करने में उनकी सरकारों की मदद करने के लिए और जनता को यह समझने में मदद करने के लिए कि नर्सें क्या करती हैं और यह सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है, विभिन्न संसाधनों का समावेश होगा। वर्ष 2020 की पहली तिमाही में जारी की गई अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस रिपोर्ट में दुनिया भर के नर्सिंग और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत सम्मोहक कहानियां, शोध और साक्ष्यों की एक श्रृंखला शामिल है। इस रिपोर्ट में शामिल और www.icnvoicetolead.com वेबसाइट पर दिए गए मामलों के अध्ययन (केस स्टडीज) नर्सों द्वारा जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित, सस्ती, समग्र देखभाल प्रदान करने के अनूठे कार्यों को दर्शाया गया है।

राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार - भारत सरकार

भारत में राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार वर्ष 1973 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समाज में नर्सों द्वारा प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं के लिए मान्यता के प्रतीक के रूप में स्थापित किए गए थे। यह पुरस्कार 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर दिया जाता है। नर्सिंग बिरादरी वर्ष 2020 में, जो नर्सों और दाइयों के लिए एक विशेष वर्ष है, पुरस्कारों की संख्या 35 से बढ़ाकर 51 करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की आभारी है।

वास्तव में सभी नर्सों के लिए यह एक गर्व का क्षण है!

young nursing leaders for the future. Indian Nursing Council is the lead and champion for this great venture and the numbers have surpassed the proposed target.

The recent initiatives taken by Ministry of Health & Family Welfare and Government of India such as inclusion of B.Sc. nurses as Mid-Level Health Workers (MLHP)/Community Health Providers (CHP) and initiation of midwife led care units alongside developing Nurse Practitioner in Midwifery (NPM) curriculum by Indian Nursing Council reflect the greater involvement of nurses towards primary health care aiming to achieve UHC and health for all in India. Ministry of Health & Family Welfare's efforts to prepare and employ MLHP/CHP to function at 1,50,000 health & wellness centres, and 86,000 NPMs to function in midwife led care units at medical colleges, hospitals, district/CHC are laudable initiatives to strengthen midwifery workforce and their participation in providing UHC and achieve SDGs.

The International Nurses Day gives nurses an opportunity to recognize that they can be spokespersons or voices to lead in improving access to health care, enabling people centered approach to health care and influencing health policy, planning and provision while transforming health care and health systems in India.

The International Nurses Day 2020 Resources

International Council of Nurses launches posters for International Nurses Day (IND) 2020 that reflect the diversity of nurses' work around the world, caring for all in a variety of settings and often under difficult circumstances. IND 2020 will consist of a variety of resources to help nurses lobby their governments for more investment, and to help the public understand exactly what it is that nurses do and why this is so important for achieving Universal Health Coverage and the Sustainable Development Goals. The IND report, which was released in the first quarter of 2020, consists of a series of compelling stories, research and evidence presented by leading experts in nursing and health from around the world. The case studies included in the report and on the website www.icnvoicetolead.com showcases the innovative work of nurses to provide safe, affordable, holistic care to people from all walks of life.

National Florence Nightingale Awards: Government of India

Florence Nightingale awards were instituted in the year 1973 by Ministry of Health & Family Welfare, Government of India as a mark of recognition for the meritorious services rendered by nurses to the society. The awards have been given on May 12, Florence Nightingale's Birthday. The nursing fraternity is grateful to Ministry of Health & Family Welfare, for enhancing the number of awards from 35 to 51 in the year 2020, which is a special year for nurses and midwives.

It is indeed a proud moment for all nurses!

NAMES & CITATIONS
OF
NATIONAL AWARDEES
2020

क्र.सं.	वर्ग	राज्य	नाम
1	नर्स	आंध्र प्रदेश	सुश्री डी. रूपकला
2	नर्स	आंध्र प्रदेश	डॉ. अमुलुरु पद्मजा
3	नर्स	अरुणाचल प्रदेश	सुश्री रुबू यापी
4	नर्स	असम	सुश्री रजिला रॉय
5	ए.एन.एम.	बिहार	सुश्री रेंजु कुमारी
6	नर्स	बिहार	सुश्री बंदना कुमारी
7	नर्स	चंडीगढ़	श्री अजय
8	नर्स	छत्तीसगढ़	डॉ. डेजी अब्राहम
9	ए.एन.एम.	दादरा एवं नगर हवेली	सुश्री समदर जानु कामदी
10	ए.एन.एम.	दमन एवं दीव	सुश्री विक्टोरिया ॲलविरा नोरोन्हा
11	नर्स	दिल्ली	सुश्री सोनिया चौहान
12	नर्स	दिल्ली	सुश्री शशि बाला कालरा
13	नर्स	दिल्ली	सुश्री उषा रानी आहूजा
14	नर्स	दिल्ली	ब्रिगेडियर एस.वी. सरस्वती
15	ए.एन.एम.	गोवा	सुश्री गीता चंद्रकांत सलगांवकर
16	नर्स	गोवा	श्री प्रशांत गुनु देवीदास
17	नर्स	गुजरात	सुश्री भानुमति सोमाभाई घीवाला
18	नर्स	गुजरात	डॉ. प्रज्ञा पी. धाबी
19	नर्स	हरियाणा	डॉ. इंदिरा जाधव डेनियल
20	एल.एच.वी.	हिमाचल प्रदेश	सुश्री विद्या भरंता
21	नर्स	हिमाचल प्रदेश	सुश्री अरुणा कुमारी
22	नर्स	जम्मू–कश्मीर	डॉ. शैला कैनी
23	नर्स	झारखंड	सुश्री अशीसन कुल्लू
24	ए.एन.एम.	कर्नाटक	सुश्री मरियम्मा एम.सी.
25	एल.एच.वी.	कर्नाटक	सुश्री के. गायत्री देवी
26	नर्स	केरल	सुश्री गीता पी.
27	नर्स	लक्षद्वीप	श्री मोहम्मद आसिफ

S.No.	Category	State	Name
1	Nurse	Andhra Pradesh	Ms. D. Roopakala
2	Nurse	Andhra Pradesh	Dr. Amuluru Padmaja
3	Nurse	Arunachal Pradesh	Ms. Rubu Yape
4	Nurse	Assam	Ms. Rajila Roy
5	ANM	Bihar	Ms. Renju Kumari
6	Nurse	Bihar	Ms. Bandana Kumari
7	Nurse	Chandigarh	Mr. Ajay
8	Nurse	Chhattisgarh	Dr. Daisy Abraham
9	ANM	Dadra & Nagar Haveli	Ms. Samdar Janu Kamdi
10	ANM	Daman and Diu	Ms. Victoria Elvira Noronha
11	Nurse	Delhi	Ms. Sonia Chauhan
12	Nurse	Delhi	Ms. Shashi Bala Kalra
13	Nurse	Delhi	Ms. Usha Rani Ahuja
14	Nurse	Delhi	Brig. S.V. Saraswati
15	ANM	Goa	Ms. Geeta Chandrakant Salgaonkar
16	Nurse	Goa	Mr. Prashant Gunu Devidas
17	Nurse	Gujarat	Ms. Bhanumati Somabhai Gheewala
18	Nurse	Gujarat	Dr. Pragna P. Dhabi
19	Nurse	Haryana	Dr. Indira Jadhav Daniel
20	LHV	Himachal Pradesh	Ms. Vidya Bharanta
21	Nurse	Himachal Pradesh	Ms. Aruna Kumari
22	Nurse	Jammu & Kashmir	Dr. Shailla Cannie
23	Nurse	Jharkhand	Ms. Ashisan Kullu
24	ANM	Karnataka	Ms. Mariyamma M.C.
25	LHV	Karnataka	Ms. K. Gayathri Devi
26	Nurse	Kerala	Ms. Geetha P.
27	Nurse	Lakshadweep	Mr. Mohammed Asif

क्र.सं.	वर्ग	राज्य	नाम
28	नर्स	मध्य प्रदेश	सुश्री रश्मि पांडेकर
29	ए.एन.एम.	महाराष्ट्र	सुश्री प्रेमलता संजय पाटिल
30	नर्स	महाराष्ट्र	सुश्री शालिनी नाजुकराव कुमारी
31	ए.एन.एम.	मेघालय	सुश्री लेटमॅन पसलेन
32	ए.एन.एम.	मणिपुर	सुश्री के. बेकलुन
33	नर्स	मणिपुर	सुश्री सगोलसम रमा मैतइ चानू
34	ए.एन.एम.	मिजोरम	सुश्री वनललथुॲमी
35	एल.एच.वी.	मिजोरम	सुश्री सी. डेंगथांगपुई
36	एल.एच.वी.	उड़ीसा	सुश्री प्रेमालता बारिक
37	ए.एन.एम.	पुडुचेरी	सुश्री पी. लथा
38	नर्स	पुडुचेरी	सुश्री के. अनुराधा
39	नर्स	पंजाब	सुश्री सत्या देवी
40	ए.एन.एम.	राजस्थान	सुश्री अनीता व्यास
41	ए.एन.एम.	राजस्थान	सुश्री सुनीता देवी
42	ए.एन.एम.	तमिलनाडु	सुश्री ओ.वी. उषा
43	ए.एन.एम.	तमिलनाडु	सुश्री एस. वेलंकनी
44	नर्स	तमिलनाडु	सुश्री जी. मणिमेगाले
45	ए.एन.एम.	तेलंगाना	सुश्री अनापर्थी अरुणा कुमारी
46	ए.एन.एम.	तेलंगाना	सुश्री एम.डी. शुकुरा
47	नर्स	त्रिपुरा	श्री अशीम दास
48	नर्स	उत्तर प्रदेश	सुश्री उर्वशी दीक्षित
49	नर्स	उत्तराखंड	सुश्री कमला थापा
50	ए.एन.एम.	पश्चिम बंगाल	सुश्री सुनीता दत्ता
51	नर्स	पश्चिम बंगाल	सुश्री नीलिमा दास

S.No.	Category	State	Name
28	Nurse	Madhya Pradesh	Ms. Rashmi Pandekar
29	ANM	Maharashtra	Ms. Premlata Sanjay Patil
30	Nurse	Maharashtra	Ms. Shalini Najukrao Kumare
31	ANM	Meghalaya	Ms. Leitmon Paslein
32	ANM	Manipur	Ms. K. Biaklun
33	Nurse	Manipur	Ms. Sagolsem Rama Meitei Chanu
34	ANM	Mizoram	Ms. Vanlalthuami
35	LHV	Mizoram	Ms. C. Dengthangpuii
36	LHV	Orissa	Ms. Premalata Barik
37	ANM	Puducherry	Ms. P. Latha
38	Nurse	Puducherry	Ms. K. Anuradha
39	Nurse	Punjab	Ms. Satya Devi
40	ANM	Rajasthan	Ms. Anitha Vyas
41	ANM	Rajasthan	Ms. Sunita Devi
42	ANM	Tamil Nadu	Ms. O.V. Usha
43	ANM	Tamil Nadu	Ms. S. Velankanni
44	Nurse	Tamil Nadu	Ms. G. Manimegalai
45	ANM	Telangana	Ms. Anaparthi Aruna Kumari
46	ANM	Telangana	Ms. MD. Shukura
47	Nurse	Tripura	Mr. Ashim Das
48	Nurse	Uttar Pradesh	Ms. Urwashi Dixit
49	Nurse	Uttarakhand	Ms. Kamla Thapa
50	ANM	West Bengal	Ms. Sunita Dutta
51	Nurse	West Bengal	Ms. Nilima Das

सुश्री डी. रूपकला

वरिष्ठ नर्स बी
सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र,
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन,
श्रीहरिकोटा, नेल्लोर, आंध्र प्रदेश

Ms. D. Roopakala

Senior Nurse B
Satish Dhawan Space Centre,
Indian Space Research Organization,
Sriharikota, Nellore, Andhra Pradesh

सुश्री डी. रूपकला एक ऊर्जस्वी और निष्ठावान नर्स हैं, जो सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा, नेल्लोर, आंध्र प्रदेश में पिछले 12 वर्ष से कार्यरत हैं। उनका अस्पताल में अपने कार्यकाल के साथ कुल मिलाकर 13 वर्ष का अनुभव है। उन्हें बीएलएस प्रशिक्षण प्राप्त करने पर सर्टिफाइड लाइफ सेवर प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। उन्हें सर्टिफाइड हेल्थ केयर लीन सिक्स सिग्मा ग्रीन बेल्ट प्रमाणपत्र से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने एडवांस कार्डियक नर्सिंग में सर्टिफिकेट कोर्स भी किया है।

सुश्री रूपकला को अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर एवं प्रसूति कक्ष में कार्य करने का अनुभव है तथा वह आपातकालीन और जीवन रक्षक उपकरणों व यंत्रों का प्रयोग करने में सक्षम हैं। उन्होंने जनजातीय समुदाय की बहुत सी महिलाओं का प्रसव संचालन (जनाई) कार्य सुरक्षापूर्वक संपादित किया है। उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने में भी सहायता की है। उन्होंने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और अन्य वीआईपी लोगों को भी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं।

उन्होंने कंप्यूटर एप्लिकेशन और डेस्कटॉप मेनेजमेंट स्किल्स पर अतिरिक्त प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्हें अस्पताल प्रबंधन से सराहना पत्र भी मिला है।

Ms. D. Roopakala is a dynamic and sincere nurse working in Satish Dhawan Space Centre, Sriharikota, Nellore, Andhra Pradesh for the past 12 years with a total of 13 years' experience including her work experience in a hospital. She has undergone BLS training and certified as a life saver. She has also received certification as Certified Healthcare Lean Six Sigma Green Belt. She has also undergone certificate course in Advanced Cardiac Nursing.

Ms. Roopkala has worked in OT and Labour room in the hospital and is able to handle emergency and lifesaving equipment and devices. She has conducted various midwifery cases in the tribal community safely. She has assisted in saving lives of accident victims. She has provided medical service to President, Vice President, Prime Minister and other VIPs.

She has undergone additional training on computer application and desktop management skills. She has appreciation letter from her hospital management.

डॉ. अमुलुरु पद्मजा

प्रोफेसर/प्रभारी उपप्रधानाचार्या
कॉलेज ऑफ नर्सिंग,
श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, तिरुपति, आंध्र प्रदेश

Dr. Amuluru Padmaja

Professor/Vice Principal Incharge
College of Nursing,
Sri Venkateswara Institute of Medical Sciences, Tirupati, Andhra Pradesh

डॉ. ए. पद्मजा ने अपने 35 वर्ष के कार्यकाल में 10 वर्ष नर्सिंग सेवा और 25 वर्ष शिक्षण में बिताए हैं। वह एक कुशल शिक्षाविद हैं और वर्तमान में श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, तिरुपति के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रोफेसर एवं उपप्रधानाचार्या के पद पर कार्यरत हैं। वह एक पीएच.डी. गाइड हैं तथा उन्होंने दो पुस्तकें लिखी हैं और उनके कई लेख प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में कई पेपर प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने 600 लोगों की ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग की है तथा 3015 लोगों के लिए स्व–स्तन परीक्षण शिविरों का आयोजन किया है और समुदाय से 151 लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया है। शिक्षा और समुदाय के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की जाती है।

Dr. A. Padmaja with 35 years of experience has 10 years in nursing service and 25 years in teaching. She is a well accomplished educator and is currently working as Professor/Vice Principal, College of Nursing, Sri Venkateswara Institute of Medical Sciences, Tirupati. She is a Ph.D. guide and is author of two books and has several publications to her credit. She has presented papers in national and international conferences. She has conducted cervical cancer screening for 600 people and self-breast examination camps for 3015 people and motivated 151 organ donors from the community. She has been acclaimed for her outstanding performance in the field of education and community.

सुश्री रुबू यापी

वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी एवं
ऑपरेशन थिएटर प्रभारी नर्सिंग
टोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड
मेडिकल साइंसेज (TRIHMS), नाहरलागुन,
जिला पापुम परे, अरुणाचल प्रदेश

Ms. Rubu Yape

Senior Nursing Officer cum
OT Incharge Nursing
Tomo Riba Institute of Health &
Medical Science (TRIHMS), Naharlagun,
District Papum Pare, Arunachal Pradesh

सुश्री रुबू यापी, टोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज, अरुणाचल प्रदेश में एक वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के पद पर ऑपरेशन थिएटर की नर्स–प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने कुल 27 वर्ष के कार्यकाल में देखभाल के जटिल क्षेत्रों में भी कार्य किया है। उनके हंसमुख व्यक्तित्व और उच्च कोटि के समर्पण के लिए सभी सहकर्मियों द्वारा उनकी सराहना की जाती है। वह अरुणाचल प्रदेश के अस्पतालों की ऑपरेशन थिएटर सेवाओं में गुणवत्ता सुधार परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रही हैं।

सुश्री रुबू यापी ने आईसीयू, एनेस्थीसिया और नवजात देखभाल में विशेष प्रशिक्षण लिया है। ऑपरेशन थिएटर ब्लॉक की योजना बनाने और स्थापित करने में उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा उन्हें सराहना पत्र प्रदान किए गए हैं।

Ms. Rubu Yape is working as a Senior Nursing Officer, Nurse-in-Charge of OT in Tomo Riba Institute of Health & Medical Sciences, Arunachal Pradesh. She has also worked in critical care areas and has a total of 27 years of experience. She is appreciated by all her co-workers for her pleasant personality and high dedication. She was actively involved in quality improvement project for Arunachal Pradesh in OT services of the hospital.

Ms. Rubu Yape has taken special training in ICU, anaesthesia and neonatal care. She has received letters of appreciation for her exemplary services in planning and setting up the OT Block by the hospital administration.

सुश्री रजिला रॉय

वरिष्ठ नर्स
महेंद्र मोहन चौधरी –
एक संलग्न अस्पताल, पानबाजार,
पोस्ट ऑफिस पानबाजार, गुवाहाटी, असम

Ms. Rajila Roy

Senior Nurse
Mahendra Mohan Choudhury –
an Annexed Hospital, Panbazar
Post Office Panbazar, Guwahati, Assam

सुश्री रजिला रॉय एक वरिष्ठ नर्स हैं, जो पिछले दो दशक से अधिक समय से महेंद्र मोहन चौधरी हॉस्पिटल ऑफ जीएमसीएच, गुवाहाटी, असम की बाल चिकित्सा इकाइयों में कार्यरत हैं। उन्होंने आपातकालीन तथा कोविद–19 स्क्रीनिंग क्षेत्रों में भी कार्य किया है। वह कई नवजात देखभाल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग ले चुकी हैं। उन्होंने इससे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भी कार्य किया है।

सुश्री रजिला रॉय को अस्पताल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र भी मिला है।

Ms. Rajila Roy is a Senior Nurse who has worked in paediatric units for over two decades in Mahendra Mohan Choudry Hospital of GMCH, Guwahati, Assam. She has also worked in emergency and COVID19 screening areas. She has undergone many trainings in new born care. She has also worked in CHC prior to this.

Ms. Rajila Roy was awarded with certificate of outstanding performance in the hospital.

सुश्री रेंजु कुमारी
ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
बगवानपुर हाट, जिला सीवान, बिहार

Ms. Renju Kumari
Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
Primary Health Centre,
Bagwanpur Hat, District Siwan, Bihar

सुश्री रेंजु कुमारी को बिहार स्वास्थ्य सेवाओं में कार्य करने का कुल 21 वर्ष का अनुभव है। वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बगवानपुरहाट, जिला सीवान में कार्यरत हैं। वह एक कुशल जन्म परिचायक (एसबीए) के रूप में प्रशिक्षित हैं और प्रसवोत्तर अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक विधि (पीपीआईयूसीडी) लगाने में विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेकर सभी गतिविधियों में निष्कपट और कुशल योगदान दिया है। वे बिहार के बहुत ही दुर्गम क्षेत्र में स्थित एक ही पीएचसी में लगातार अपनी सेवाएं दे रही हैं।

Ms. Renju Kumari has a total of 21 years of experience in Bihar Health Services. She has been working in Primary Health Centre, Bagwanpurhat, Siwan District. She is SBA trained and particularly in PPIUCD training. She sincerely and efficiently contributed to all the Primary Health Centre activities involving actively in all the national health programs towards achievement of targets. She has continued to work in the same Primary Health Centre serving a very difficult area of Bihar.

सुश्री बंदना कुमारी

स्टाफ नर्स ग्रेड–ए
सदर अस्पताल,
जगतपुर, बांका, बिहार

Ms. Bandana Kumari

Staff Nurse Grade-A
Sadar Hospital,
Jagatpur, Banka, Bihar

सुश्री बंदना कुमारी 13 वर्ष से नर्सिंग जगत में कार्य कर रही हैं, और वर्तमान में सदर अस्पताल, जगतपुर, बांका, बिहार में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने 8 वर्ष तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भी कार्य किया है। वह एक विनम्र, उत्साही और दल में कार्य करने वाली नर्स हैं। वह संकट की स्थितियों में हमेशा उपलब्ध रहती है, जिसके लिए समुदाय उनको सम्मान की नजर से देखता है। उन्हें एक अत्यधिक प्रभावशाली नायक माना जाता है।

सुश्री बंदना कुमारी ने कई लघु अवधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लिया है। वह गुणवत्ता सुधार क्षेत्र में एक मास्टर ट्रेनर मानी जाती हैं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस प्रक्रिया में भी योगदान दिया है। सेवा क्षेत्र में बदलाव हेतु किए गए नवाचारों के लिए उनकी सराहना की जाती है।

Ms. Bandana Kumari having 13 years of experience is currently working as a Senior Nursing Officer in Sadar Hospital, Jagatpur, Banka, Bihar. She has also worked in a Primary Health Centre for 8 years. She is polite, enthusiastic and a good team player. She is always available to handle crisis situations and respected by the community. She was considered as a high impact leader.

Ms. Bandana Kumari has undergone many short term training courses. She is a master trainer in quality improvement and has contributed to the process of NQAS at National level. She has received recognition for innovation for change in service.

श्री अजय

स्टाफ नर्स
गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,
सैक्टर–32, चंडीगढ़

Mr. Ajay

Staff Nurse
Govt. Medical College & Hospital,
Sector-32, Chandigarh

श्री अजय, दो दशक से अधिक के नैदानिक अनुभव के साथ गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चंडीगढ़ के आर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। वह निष्ठावान, मेहनती और रोगियों की देखभाल के लिए पूर्णतः समर्पित हैं। उनमें आपात स्थितियों को संभालने की अपूर्व क्षमता है। उन्होंने कई सीएनई कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।

उन्होंने भूकंप राहत शिविर, गुजरात के बेस कैंप में बचाव दल के एक स्वैच्छिक सदस्य के रूप में कार्य किया है और सर्जरी के दौरान ऑपरेशन थिएटर को व्यवस्थित करने और शल्य क्रिया के संचालन में प्रमुख भूमिका निभाई है।

श्री अजय को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निदेशक–प्राचार्य से सराहना पत्र और उनकी कड़ी मेहनत तथा कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र मिले हैं।

Mr. Ajay is working as Staff Nurse in Orthopaedic OT in Govt. Medical College & Hospital, Chandigarh with more than two decades of clinical experience. He is sincere, hardworking and committed to patient care. He has the ability to handle emergencies. He has participated in many CNE programs.

He has worked as a voluntary member of the earth quake relief team in Kutch, Gujarat at base camp and has played a major role in setting up and running OT in addition to assisting during surgeries.

Mr. Ajay has received appreciation letter from Director Principal for his outstanding performance and commendation certificate as best nurse for hard work and dedication to duty.

डॉ. डेजी अब्राहम

प्रोफेसर
पी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग,
भिलाई, छत्तीसगढ़

Dr. Daisy Abraham

Professor
P.G. College of Nursing,
Bhilai, Chhattisgarh

डॉ. डेजी अब्राहम एक ऊर्जस्वी शिक्षक हैं और नैदानिक तथा शिक्षण क्षेत्र में कुल 27 वर्ष का विविध अनुभव है। वह वर्तमान में पी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वह छात्रों को परामर्श तथा जीविका मार्गदर्शन प्रदान करने में उत्कृष्ट हैं। वह बुद्धिमान एवं मेहनती हैं होने के साथ–साथ उत्कृष्ट शिक्षण, संचार और प्रबंधकीय कौशल की धनी हैं। उन्होंने बहुत सी शिक्षण सामग्री विकसित करने के साथ–साथ कई शोध लेख भी प्रकाशित किए हैं, तथा स्थानीय एवं राज्य स्तर की सीएनई कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन किया है। नवजात पुनर्जीवन के लिए वह एक मास्टर ट्रेनर रही हैं।

उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने बहुत से स्वास्थ्य शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लिया और उनकी भागीदारी हमेशा सराहनीय रही है।

डॉ. डेजी अब्राहम को उनकी समर्पित नैदानिक सेवाओं के लिए अपोलो बीएसआर अस्पताल, भिलाई से वर्ष 2018 में सर्वश्रेष्ठ नर्स पुरस्कार तथा स्थानीय अधिकारियों से सराहना–पत्र मिले हैं। उन्हें नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी सर्कल, मुंबई से श्रीमती सुशीला घिरनिकर मेमोरियल अवार्ड फॉर बेस्ट लेडीज़ टीम भी प्रदान किया गया था।

Dr. Daisy Abraham is a dynamic teacher and has varied experience in clinical areas as well as teaching with 27 years of total experience. She is currently working in P.G. College of Nursing, Bhilai as Professor. She is excellent in providing mentorship and career guidance to students. She is intelligent, hardworking and has excellent teaching, communication and managerial skills. She has developed teaching materials, published research articles, organised local and state level CNE workshops and conferences. She has been a master trainer for neonatal resuscitation.

She has represented India at national and international forums. She actively participated in health camps and her involvement was praiseworthy.

Dr. Daisy Abraham has received letters of appreciation from local authorities for her dedicated clinical services and best nurse award in 2018 by Apollo BSR Hospital, Bhilai. She also received Smt. Sushila Ghirnikar Memorial Award for Best Ladies Team by National Convention on Quality Circle, Mumbai.

सुश्री समदर जानु कामदी

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
मंडोनी, दादरा एवं नगर हवेली

Ms. Samdar Janu Kamdi

Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
Primary Health Centre,
Mandoni, Dadra & Nagar Haveli

सुश्री समदर जानु कामदी ने एएनएम के रूप में लगभग 30 वर्ष कार्य किया है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मंडोनी, दादरा एवं नगर हवेली में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, टीकाकरण, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य, पल्स पोलियो और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं। वह बहुत ही ईमानदार और मेहनती एएनएम हैं।

सुश्री समदर जानु कामदी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और दादरा एवं नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन से दो प्रशंसा पत्र भी मिले हैं।

Ms. Samdar Janu Kamdi has worked almost 30 years as ANM. Has been providing excellent services in MCH, FP, Immunization, RCH, Pulse Polio and National Health Programs in Primary Health Centre, Mandoni, DNH. She is sincere and hardworking.

Ms. Samdar Janu Kamdi has received two letters of appreciation from CMH, Primary Health Centre's and from Administration of Dadra & Nagar Haveli UT.

सुश्री विक्टोरिया ॲलविरा नोरोन्हा

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
मोती दमन, दमन एवं दीव

Ms. Victoria Elvira Noronha

Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
Primary Health Centre,
Moti Daman, Daman and Diu

सुश्री विक्टोरिया ॲलविरा नोरोन्हा ने अपने 26 वर्ष के कार्यकाल में केंद्र शासित प्रदेश दमन एवं दीव में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, ग्रामीण सार्वजनिक स्वास्थ्य, एचआईवी/एड्स, तपैदिक, टीकाकरण, गैर–संचारी रोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के क्षेत्र में मूल्यवान और उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की हैं। वर्तमान में वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोती दमन में कार्यरत हैं। वह एक कुशल, निष्कपट और मेहनती स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं। वह कई कार्यशालाओं और लघु अवधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग ले चुकी हैं।

दमन एवं दीव केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन तथा आशा वूमेंस और दामिनी वूमेंस फाउंडेशन द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उनकी सराहना की गई है।

Ms. Victoria Elvira Noronha with 26 years of experience has provided valuable and remarkable services in MCH, FP, RCH, HIV/AIDS, TB, Immunization, NCD's, NHP's in the Union Territory of Daman & Diu. She works in Primary Health Centre, Moti Daman. She is efficient, sincere and hard working. Has participated in many workshops and short term training courses.

She has been appreciated for her excellent work by UT Administration of Daman & Diu and Asha Women's and Damini Women's Foundation.

सुश्री सोनिया चौहान

वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी
जेपीएन एपेक्स ट्रोमा सेंटर,
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
(एम्स), नई दिल्ली

Ms. Sonia Chauhan

Senior Nursing Officer
JPN Apex Trauma Centre,
All India Institute of Medical Science
(AIIMS), New Delhi

सुश्री सोनिया चौहान, बी.एससी. (नर्सिंग) योग्यता प्राप्त कर जेपीएन एपेक्स ट्रोमा सेंटर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें 13 वर्ष कार्य करने का अनुभव है। उन्होंने अतिरिक्त शिक्षा के रूप में परामर्श एवं पारिवारिक चिकित्सा में एम.एससी., आपातकालीन नर्सिंग में फैलोशिप और अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का अध्ययन किया है। उन्होंने सेवाकाल में ट्रोमा, आपातकालीन चिकित्सा, संकटकालीन देखभाल और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में अल्पकालीन पाठ्यक्रमों का भी अध्ययन किया है। वह एक ऊर्जस्वी ट्रोमा नर्स; समर्पित, बुद्धिमान एवं सक्षम संगठक और दल में कार्य करने वाली नर्स हैं, जिनकी प्रवृत्ति सहानुभूति एवं संवेदना से परिपूर्ण देखभाल प्रदान करने की है। वह जेपीएन एपेक्स ट्रोमा सेंटर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान अध्ययनों और परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहती हैं।

वह ट्रोमा, आपातकालीन और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर (थाईलैंड में) पाठ्यक्रम समन्वयक रह चुकी हैं। उन्हें एम्सोनियंश ऑफ अमेरिका अवार्ड फॉर बैस्ट नर्स (2018) और बैस्ट नर्स इन रिसर्च वर्क (2010) से सम्मानित किया जा चुका है।

सुश्री सोनिया को ट्रोमा नर्सेज सोसाइटी ऑफ थाईलैंड से इंटरनेशनल ट्रेनर फैकल्टी (2019) और साथ ही इंडुसेम–2015 से सम्मानित फैकल्टी के लिए प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए हैं।

Ms. Sonia Chauhan, a senior nursing officer with B.Sc. (Nursing) qualification working in JPN Apex Trauma Centre, AIIMS, New Delhi has 13 years of experience. She has undergone additional education in M.Sc. in Counselling & Family Therapy, Fellowship in Emergency Nursing and PG Certificate course in Hospital Management. She has undergone variety of short term courses on the job, in trauma, emergency medicine, critical care and disaster management. She is a dynamic Trauma Nurse, dedicated, intelligent, able organizer and team player who demonstrates empathy, compassion and caring attitude. She has been actively involved in various academic activities, research studies and projects in JPN Apex Trauma Centre, AIIMS, New Delhi.

She has been course coordinator for Trauma, emergency and disaster management training programs at National as well as International level (Thailand). She has been awarded AIIMSONIANS of America Award for the Best Nurse (2018), and Best Nurse in Research Work (2010).

Ms. Sonia has earned letters of appreciation from Trauma Nurses Society of Thailand for being International Trainer Faculty (2019) and also as esteemed faculty from INDUSEM 2015.

सुश्री शशि बाला कालरा
वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी
डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल), नई दिल्ली

Ms. Shashi Bala Kalra
Senior Nursing Officer
Dr. Ram Manohar Lohia Hospital (RML), New Delhi

सुश्री शशि बाला कालरा, 35 वर्ष से अधिक के अनुभव वाली बहुत ही निष्ठावान एवं मेहनती नर्स हैं। वह वर्तमान में बीएससी (नर्सिंग) योग्यता के साथ राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल), नई दिल्ली में नर्सिंग सिस्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों में कार्य किया है। वह आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली (2005) में एच1एन1 के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के प्रवेश पर स्क्रीनिंग, दिल्ली सीरियल बम ब्लास्ट के चोट पीड़ितों की देखभाल (2005), और आरएमएल अस्पताल के पास निर्माण संरचना के ढहने पर पीड़ितों की देखभाल (2009) में अपने योगदान के लिए अच्छी तरह से जानी जाती हैं। उन्होंने नेफ्रोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट के आईसीयू की स्थापना और वर्ष 2020 में इसे कोरोना वायरस वार्ड में परिवर्तित कर रोगियों की देखभाल शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

उन्होंने एचआईवी और पारिवारिक शिक्षा में डिप्लोमा किया है। उन्होंने स्ट्रोक देखभाल में 20 ई–लर्निंग मॉड्यूल पूरे किए हैं। उन्होंने कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों में भी भाग लिया है। वर्ष 2018 में, उन्होंने भारत स्वास्थ्य चेतना और जन संपर्क अभियान के तहत भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में एनसीडी–स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान में भाग लिया था।

सुश्री शशि बाला कालरा को आरएमएल अस्पताल और साथ ही परिवार नियोजन, जिला प्रशासन, भिवानी, हरियाणा में उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों से सराहना पत्र मिले हैं।

Ms. Shashi Bala Kalra is very sincere, hardworking nurse with more than 35 years of experience. She is currently working as Nursing Sister with B.Sc. (Nursing) qualification in RML Hospital, New Delhi. She has worked in various specialty areas of the hospital. She is well known for her contributions in the entry screening of international passengers for H1N1 at IGI Airport Delhi (2005), care of Delhi serial bomb blast injury victims (2005), and care of victims of collapse of civil construction structure near RML Hospital (2009). She played a significant role in establishment of ICU of Nephrology and Renal Transplant and converting the same into Corona virus ward and initiating the care of patients in 2020.

She has undergone diploma in HIV and family education. She has completed 20 e-learning modules in Stroke care. She has participated in many training programs, workshops and conferences. In 2018, she participated in NCD-screening and awareness campaign India International Trade Fair under Swasthya Chetna and Jan Sampark Abhiyan.

Ms. Shashi Bala Kalra has received many letters of appreciation for her meritorious services by health authorities at RML Hospital, as well as FP, District Administration, Bhiwani, Haryana.

सुश्री उषा रानी आहूजा
वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी
गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, दिल्ली

Ms. Usha Rani Ahuja
Senior Nursing Officer
Govind Ballabh Pant Institute of Postgraduate Medical Education & Research, Delhi

---

सुश्री उषा रानी आहूजा, 34 वर्ष अनुभव के साथ कार्डियक केयर यूनिट (जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) राजकीय अस्पताल, दिल्ली में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपना कैरियर एएनएम के तौर पर शुरू किया था, तथा उसके पश्चात उन्होंने बी.एससी. (नर्सिंग) और एम.बी.ए. की पढ़ाई भी पूरी की। वह गंभीर रूप से बीमार रोगियों की देखभाल करने के लिए एक समर्पित और सहानुभूतिशील नर्स हैं। गहन देखभाल में उनके अनुकरणीय कौशल के लिए उनकी सराहना की जाती है। अस्पताल में सतत नर्सिंग प्रशिक्षण (सीएनई) इकाई स्थापित करने में उनका सक्रिय योगदान रहा था। उसने राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यशालाओं और सम्मेलनों में भाग लिया है।

उन्होंने भारत विकास परिषद, दिल्ली शाखा और रक्तदान शिविरों, मधुमेह कल्याण सेवाओं, नेत्र दान आदि के लिए आयोजित शिविरों में सक्रिय सदस्य के रूप में भाग लिया है। उन्हें वाशिंगटन यूएसए से इंटेंसिव कार्डिएक नर्सिंग में डब्ल्यूएचओ फैलोशिप भी मिली है।

सुश्री उषा रानी आहूजा को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य पुरस्कार दिया गया है। उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अस्पताल से एक पुरस्कार के साथ–साथ कई सम्मान प्रमाणपत्र भी मिले हैं।

Ms. Usha Rani Ahuja is working as Senior Nursing Officer with 34 years of experience in Cardiac Care Unit of (GB Pant Institute of Postgraduate Medical Education & Research) Govt. Hospital Delhi. Starting her career as ANM, she has completed B.Sc. (Nursing) as well as MBA. She is a dedicated, and compassionate nurse in caring for critically ill patients. She is appreciated for her exemplary skills in critical care. She was actively involved in establishing CNE cell in the hospital. She has participated in various workshops and conferences at State and National level.

She has participated as active member in camps for Bharat Vikas Parishad, Delhi Branch and blood donation camps, diabetic's welfare services, eye donation etc. She has received WHO fellowship in Intensive Cardiac Nursing in Washington USA.

Ms. Usha Rani Ahuja has received State award from Department of Health & Family Welfare for her meritorious services in the field of health care. She has also received an award and many certificates of recognition from the hospital for her outstanding services.

ब्रिगेडियर एस.वी. सरस्वती

ब्रिगेडियर (एमएनएस)
मेडिकल ब्रांच, पश्चिमी कमांड मुख्यालय,
चण्डीमन्दिर, पंचकुला, हरियाणा

Brig. S.V. Saraswati

Brigadier (MNS)
Medical Branch, HQWC,
Chandimandir, Panchkula, Haryana

ब्रिगेडियर एस.वी. सरस्वती मिलटिरी नर्सिंग सेवा में साढ़े तीन दशक से विशिष्ट सेवाएं प्रदान कर रही हैं – विशेष रूप से पेरीऑपरेटिव नर्सिंग में। वह वर्तमान में पश्चिमी कमांड में नर्सिंग सेवा प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले, वह चंडीमंदिर के कमांड अस्पताल में प्रधान मैट्रन थीं। वह एक प्रसिद्ध शल्य–चिकित्सीय नर्स हैं। उन्होंने 3,000 से अधिक जीवन रक्षक और आपातकालीन शल्य–चिकित्साओं में सहायता प्रदान की है। उन्होंने बहुत से सर्जरी रेजीडेंट्स, ओआरए और सहायक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है, और रोगी शिक्षण सामग्री भी तैयार की है। उन्होंने कार्डियक सर्जरी के लिए ड्रेप किट और सिवनी पैकिंग में भी सुधार किया है।

वह अत्यंत कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ एक सहज व्यक्तित्व वाली मार्गदर्शक हैं। वह उत्कृष्ट पारस्परिक कौशल की धनी हैं। वह निरंतर अध्ययन में विश्वास रखती हैं और उन्होंने रोगियों की नर्सिंग देखभाल के लिए प्रासंगिक विभिन्न एसओपी, जॉब कार्ड और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया है। उन्होंने मातृत्व एवं बाल देखभाल वार्ड में आग लगने की दुर्घटना के दौरान पैदा हुई कठिन परिस्थितियों में 45 महिलाओं और 12 नवजात शिशुओं को बचाकर अनुकरणीय व्यावसायिकता और गतिशील नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया है। उन्होंने सैनिकों और उनके परिजनों के लिए विभिन्न आउटरीच गतिविधियों का संचालन किया है और 1,000 सैनिकों और परिजनों को बीएलएस में प्रशिक्षित किया है। उन्होंने झारखंड के पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों में भी कार्य किया है।

ब्रिगेडियर एस.वी. सरस्वती को जीओसी–इन–सी कमेंडेशन, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन और कांगो (डीआरसी) द्वारा संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया है।

Brig. S.V. Saraswati has a distinguished service in MNS of 3½ decades especially in perioperative nursing. She is currently the Head of Nursing Services in the Western Command. Prior to this, she had been the Principal Matron at Command Hospital at Chandimandir. She is a renowned OT nurse. She has assisted in more than 3000 lifesaving and emergency surgeries. She has trained surgery residents, ORA's and auxiliary staff, and has also prepared patient teaching materials. She improvised drape kits and suture packing for cardiac surgery.

She is a natural leader with utmost devotion, dedication and commitment to profession. She has excellent interpersonal skills. She is a staunch believer in continuous learning and has streamlined various SOPs, job cards and procedures relevant to nursing care of patients. She has displayed exemplary professionalism and dynamic leadership qualities by saving 45 women and 12 new born during a fire mishap in maternity and child care wards. She has conducted various outreach activities for the troops and families and has trained 1000 soldiers and families in BLS. She has also worked in the hilly and tribal areas of Jharkhand.

Brig. S.V. Saraswati has been awarded GOC-in-C Commendation, Chief of Army Staff Commendation and also United Nations medal by Congo (DRC).

सुश्री गीता चंद्रकांत सलगांवकर

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)/ एमपीएचडब्ल्यू (एफ)
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
अल्डोना, गोवा

Ms. Geeta Chandrakant Salgaonkar

Auxiliary Nurse Midwife (ANM) / MPHW (F)
Primary Health Centre,
Aldona, Goa

सुश्री गीता चंद्रकांत सलगांवकर ने ग्रामीण स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने 21 वर्ष के कार्यकाल में पीएचसी और उप–केंद्र दोनों में ही कार्य किया है। वर्तमान में वह गोवा के बटोरा उप–केंद्र में कार्यरत हैं। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, तपैदिक, एचआईवी/एड्स, गैर–संचारी रोग, स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्रों और सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में निष्कपट, कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं। तपैदिक और कुष्ठ रोग के मामलों की खोज में उनकी भागीदारी सराहनीय रही है। उप–केंद्र में 100 प्रतिशत संस्थागत प्रसव और अन्य सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनका सक्रिय योगदान रहा है। डेंगू के प्रकोप के दौरान, उन्होंने अपने सेवाक्षेत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया था।

वर्ष 2018–19 के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन दल द्वारा उनके उप–केंद्र को सर्वश्रेष्ठ केंद्र के रूप में मान्यता दी गई थी। उन्हें पूरे कार्यकाल में दी गई सेवाओं के लिए सराहना मिली है।

वह अपनी कार्य अवधि के बाद भी गांव में समाज सेवा करती हैं और स्वयंसेवक के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं। मछली बाजार तक ग्रामवासियों की पहुंच न होने के मद्देनजर वह मत्स्य हैचरी निर्माण जैसी नूतन परियोजनाओं के विकास में ग्रामवासियों की मदद करती हैं।

Ms. Geeta Chandrakant Salgaonkar, with 21 years of experience in rural health field has worked both in Primary Health Centre and Sub-Centre. She is currently working in Batora Sub-Centre of Goa. With sincerity, hard work and dedication, she has provided excellent services in the areas of MCH, FP, TB, HIV/AIDS, NCD's, Health Education and all national health programs. Her participation in case finding of TB and leprosy was commendable. She actively contributed in achieving 100% institutional deliveries and many other targets in the Sub-Centre. During the outbreak of dengue, she actively participated in its control in the areas she was serving.

Her Sub-Centre was recognized as the best performing centre by WHO team during the year 2018-19. She has been appreciated for her services during her tenure throughout.

She performs well beyond her duty hours and volunteers to do social service in the village. She helps villages to develop innovative projects such as construction of fish hatchery in view of non-accessibility of fish close to village.

श्री प्रशांत गुनु देवीदास

स्टाफ नर्स
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,
कानाकोना, गोवा

Mr. Prashant Gunu Devidas

Staff Nurse
Community Health Centre,
Canacona, Goa

श्री प्रशांत गुनु देवीदास, 28 वर्ष के नैदानिक अनुभव के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोवा में एक नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने राजकीय कुष्ठरोग एवं तपैदिक अस्पताल में पूर्ण समर्पण के साथ समुदाय की सेवा की है। वह एक निष्ठावान और मेहनती स्वास्थ्य कर्मचारी हैं और वह उत्कृष्ट तकनीकी नर्सिंग और प्रबंधन कौशल के स्वामी हैं। उन्होंने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। समुदाय में गुर्दे की विफलता के रोगियों की पहचान करने और उनकी मदद करने के लिए उनका विशेष झुकाव सराहनीय है।

उन्होंने दूरदराज के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ–साथ कई रक्तदान शिविर, गैर–संचारी रोग शिविर और स्कूल स्वास्थ्य गतिविधियों में भी भाग लिया है।

बादल फटने और इमारत ढहने से उत्पन्न हुई आपदा स्थितियों के दौरान उन्होंने बहुत योगदान देते हुए पापातीत नैतिकता का प्रदर्शन किया है। वह अपनी कार्य अवधि के उपरांत समुदाय की बहुतसी सामाजिक सेवा गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

श्री प्रशांत गुनु देवीदास को स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों से उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सराहना प्रमाण पत्र मिला है। उन्हें समुदाय में उत्कृष्ट कार्य की सराहना के लिए ग्राम प्रशासन से भी कई प्रमाण पत्र मिले हैं।

Mr. Prashant Gunu Devidas is working as a Nursing Officer at Community Health Centre, Goa, with 28 years of clinical experience. He has worked in Govt. Leprosy & TB Hospital and served the community with dedication. He is a sincere and hardworking staff and has excellent technical nursing and management skills. He has actively participated in all National health programs. His special inclination to identify and help patients with kidney failure in the community is commendable.

He has undertaken cleanliness drive and participated in blood donation camps, non-communicable diseases camps and school health activities in the remote areas.

He has contributed immensely during disaster situations arising out of cloud busting and building collapse and he demonstrated impeccable work ethics throughout. He was involved in many social service activities in the community besides his duty hours.

Mr. Prashant Gunu Devidas has received certificate of appreciation for his excellent services from the local health authorities. He has also received many certificates of appreciation for his outstanding work in the community by village administration.

सुश्री भानुमति सोमाभाई घीवाला

हैड नर्स
एसएसजी अस्पताल,
वडोदरा, गुजरात

Ms. Bhanumati Somabhai Gheewala

Head Nurse
SSG Hospital,
Vadodara, Gujarat

सुश्री भानुमति सोमाभाई घीवाला, 30 वर्ष से अधिक के नैदानिक अनुभव के साथ एसएसजी अस्पताल, वडोदरा में प्रसूति इकाई में हैड नर्स के पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने एनपीएम में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा किया है और सम्मानपूर्वक प्रसूति के दौरान मातृत्व देखभाल कर रही हैं और महिलाओं में प्रसव के दौरान वैकल्पिक प्रसव अवस्थाओं (बर्थिंग पोजीशन) को अपनाने पर जोर दे रही हैं। वह एक कुशल, प्रेरक और कड़ी मेहनत करने वाली दाई हैं, जो एमएलसीयू में नायकत्व और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं। वह नर्सों, एनपीएम और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के शिक्षण और प्रशिक्षण में शामिल रहती हैं।

वह कई लघु अवधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और कार्यशालाओं में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने वडोदरा में बाढ़ के समय कई प्रसव कुशलतापूर्वक सम्पन्न करवाए थे।

सुश्री भानुमति की अपनी इकाई में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सहकर्मियों और रोगियों द्वारा व्यापक रूप से प्रशंसी की जाती है।

Ms. Bhanumati Somabhai Gheewala is working as a Head Nurse in Obstetrical Unit in SSG Hospital, Vadodara, with more than 30 years of clinical experience.

She has undergone post basic diploma in NPM and is practicing respectful maternity care and promoting alternative birthing positions to mothers during delivery. She is an efficient, inspiring and hard-working midwife, who demonstrates leadership and commitment in MLCU. She is involved in teaching and training nurses, NPMs and PG residents.

She has attended many short term training courses and workshops. She had managed deliveries efficiently during the flood time in Vadodara.

Ms. Bhanumati has been widely acclaimed by professionals and patients for her excellent services in the unit under her charge.

डॉ. प्रज्ञा पी. धाबी
रजिस्ट्रार
गुजरात उपचर्या परिषद्,
आसना, अहमदाबाद, गुजरात

Dr. Pragna P. Dhabi
Registrar
Gujarat Nursing Council,
Asna, Ahmedabad, Gujarat

डॉ. प्रज्ञा पी. धाबी वर्तमान में गुजरात उपचर्या परिषद् में रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत हैं। उनके पास 13 वर्ष नैदानिक, 8 वर्ष शिक्षण और 4 वर्ष प्रशासनिक अनुभव के साथ कुल 25 वर्ष का अनुभव है। वह एक उत्कृष्ट शिक्षक तथा प्रशासक हैं। उन्होंने वर्ष 2016 में पीएच.डी. पूरी कर ली थी और तभी से शोध एवं प्रकाशन में लगी हुई हैं। उन्होंने एडवांस क्लिनिकल रिसर्च में पीजी डिप्लोमा किया है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्यसेवा संगठन के गुणवत्ता प्रबंधन प्रत्यायन में प्रशिक्षण लिया था। एक नैदानिक नर्स के रूप में, वह एक ईमानदार और जिम्मेदार नर्स हैं।

इससे पहले वह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सिविल अस्पताल, अहमदाबाद में कार्यरत थीं। उन्होंने संसाधन संकाय के रूप में कई सम्मेलनों तथा कार्यशालाओं में भाग लिया है और आयोजन भी किया है। वह एनएक्यूएस के लिए एक नेशनल एक्सटरनल असेसर, ओरल हेल्थ प्रमोशन के लिए मास्टर ट्रेनर, गुजरात राजकीय अस्पताल के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने वाली समिति की सदस्य हैं। उन्होंने टेरिटरी आर्मी ट्रेनिंग में भाग लिया है। वह आदिवासी क्षेत्रों के विकास में शामिल रही हैं।

डॉ. प्रज्ञा पी. धाबी को स्थानीय और राज्य स्तर पर प्रशासन और समुदाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई सराहना पत्र मिले हैं।

Dr. Pragna P. Dhabi is working currently as Registrar in Gujarat Nursing Council. She has 25 years of experience of which 13 years clinical, 8 years teaching and 4 years administrative experience. She is an excellent educator and administrator. She has completed Ph.D. in 2016 and was involved in research and publication. She has undergone PG Diploma in Advance Clinical Research. She had training in Hospital Administration and Quality Management Accreditation of Healthcare Organization. As a clinical nurse, she is a sincere and responsible nurse professional.

She has been working in College of Nursing, Civil Hospital, Ahmedabad. She has organized and participated as resource faculty in many conferences and workshops. She is a national external assessor for NQAS, Master Trainer for Oral Health Promotion, Member of Drafting Committee for SOPs of Gujarat Govt. Hospital. She has participated in Territory Army trainings. She was involved in development of tribal areas.

Dr. Pragna P. Dhabi has received many letters of appreciation for her outstanding performance in the field of administration and community at local and State level.

डॉ. इंदिरा जाधव डेनियल

प्रधानाचार्या
फिलाडेल्फिया स्कूल ऑफ नर्सिंग,
अंबाला सिटी, हरियाणा

Dr. Indira Jadhav Daniel

Principal
Philadelphia School of Nursing,
Ambala City, Haryana

डॉ. इंदिरा जाधव डेनियल को भारत में स्कूल तथा कॉलेज में प्रशिक्षक के रूप में और अस्पताल में प्रशासक के रूप में कार्य करने का दो दशक से अधिक का अनुभव है। वह वर्तमान में अंबाला के फिलाडेल्फिया अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक और फिलाडेल्फिया स्कूल ऑफ नर्सिंग की उपप्रधानाचार्या के रूप में कार्य कर रही हैं।

जीएनएम से शुरू करने वाली डॉ. इंदिरा जाधव अब डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर चुकी हैं। अस्पताल संचालन के दौरान, वह अंबाला शहर के लोगों की देखभाल करने में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए जानी जाती हैं। उसने विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में भी भाग लिया है। बाढ़ और अन्य आपदाओं के दौरान, स्वास्थ्य दल के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर राहत गतिविधियों की योजना बनाने और संचालन करने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

Dr. Indira Jadhav Daniel has more than two decades of experience in India serving as a teacher in school and college and administrator in hospital. She is currently working as Nursing Superintendent of Philadelphia Hospital of Ambala and Principal of Philadelphia School of Nursing.

Dr. Indira Jadhav starting from GNM has moved up to doctoral degree. During the hospital leadership, she was known for her exemplary contribution in providing care to the people of Ambala city. She has also participated in various community activities. Her contribution during floods and other calamities in planning and organizing relief activities along with other health team members is significant.

सुश्री विद्या भरंता
लेडी हेल्थ विजिटर (एलएचवी)/
महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक
सिविल अस्पताल, रोहड़ू,
शिमला, हिमाचल प्रदेश

Ms. Vidya Bharanta
Lady Health Visitor (LHV) /
Female Health Supervisor
Civil Hospital, Rohru,
Shimla, Himachal Pradesh

सुश्री विद्या भरंता ने अपने 36 वर्ष के महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के कार्यकाल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, गैर–संचारी रोग, आईईसी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में ग्रामीण और पिछड़े/दुर्गम क्षेत्रों में सराहनीय सेवाएं प्रदान की हैं और उनके पदस्थापन के सभी पांच ग्रामीण क्षेत्रों के उनके सहकर्मियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा उनकी बहुत ही प्रशंसा की गई है। वह उत्कृष्ट कोल्ड चेन हैंडलर, आशा ट्रेनर, कायाकल्प समिति की सदस्या हैं। वह समय की पाबंद हैं और अपने कार्य के प्रति समर्पित हैं।

उन्होंने वर्ष 1997 में आई चिरगांव बाढ़ त्रासदी में तथा कई अन्य बड़ी दुर्घटनाओं में लोगों की सेवा की है। उन्होंने वर्ष 2002 में आई प्लेग महामारी के दौरान उत्कृष्ट कार्य किया था। कैंसर रोगियों की उनकी उत्कृष्ट और उल्लेखनीय देखभाल और वित्तीय योगदान के लिए उन्हें उप–जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सम्मानित किया गया था।

सुश्री विद्या भरंता को राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और कैंसर नियंत्रण अधिकारी, सिविल अस्पताल, रोहड़ू, शिमला, हिमाचल प्रदेश से उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए कई पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिले हैं, जहां वह वर्तमान में कार्यरत हैं।

Ms. Vidya Bharanta, with 36 years of experience as LHV has provided meritorious services in rural and backward/difficult areas in regard to MCH, immunization, NCD's, IEC, National Health programs and highly appreciated by CMO's and her health team members in all her five rural field postings. She is excellent cold chain handler, ASHA trainer, member of Kayakalp committee etc. She is very punctual and dedicated in her work.

She attended many major accidents in the field and Chirgaon flood tragedy in 1997. She did outstanding work during plague epidemic in 2002. Her outstanding and remarkable care and contribution to cancer patients even providing financial support was recognized and honoured by Sub-District Magistrate.

Ms. Vidya Bharanta, has received numerous awards and certificates of appreciation for her meritorious services from State Health & Family Welfare and Cancer Control Officer, Civil Hospital, Rohru, Shimla, Himachal Pradesh where she is currently working.

सुश्री अरुणा कुमारी

वार्ड सिस्टर
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जोनल अस्पताल, मंडी, हिमाचल प्रदेश

Ms. Aruna Kumari

Ward Sister
Netaji Subhash Chandra Bose Zonal Hospital, Mandi, Himachal Pradesh

---

सुश्री अरुणा कुमारी तीन दशक से वरिष्ठ नर्स हैं और वर्तमान में प्रभारी नर्स के पद पर कार्यरत हैं। वह एनएससीबी जोनल अस्पताल, मंडी, हिमाचल प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर हैं। वह अपने कार्यक्षेत्र में निष्कपट, निष्ठावान और कुशल हैं और उत्कृष्ट नेतृत्व और संचार कौशल की धनी हैं।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश में आई बस दुर्घटना तथा भूमि–स्खलन जैसी बहुत सी आपदाओं में अत्यंत कुशलतापूर्वक सेवा प्रदान की हैं। वह कई रक्तदान शिविरों में भाग ले चुकी हैं और कायाकल्प कार्यक्रम में संक्रमण नियंत्रण नर्स के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में आपातकालीन कर्तव्यों का पालन किया है।

सुश्री अरुणा कुमारी को, जोनल अस्पताल में उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मान पुरस्कार मिला है और रक्तदान में उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जोनल अस्पताल, मंडी द्वारा सम्मानित किया गया है।

Ms. Aruna Kumari is a Senior Nurse for over three decades and currently working as in-charge nurse. She is on deputation to NSCB Zonal Hospital, Mandi, Himachal Pradesh. She is honest, sincere and proficient in her field of work and has good leadership and communication skills.

She has served in various difficult catastrophes such as bus accident and land slide very efficiently in Himachal Pradesh. She has participated in various blood donation camps and served as infection control nurse in Kayakalp program. She has performed emergency duties in difficult circumstances.

Ms. Aruna Kumari has received award of honour for her meritorious services at Zonal Hospital and certificate of honour by Health & Family Welfare Department, Zonal Hospital, Mandi for her distinguished services in blood donation.

डॉ. शैला कैनी

प्रधानाचार्या
श्री माता वैष्णो देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, श्री माता वैष्णो देवी नारायणा सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल परिसर, करक्याल, कटरा, जम्मू–कश्मीर

Dr. Shailla Cannie

Principal
Shri Mata Vaisho Devi College of Nursing, SMVDNSH Campus, Karkyal, Katra, Jammu & Kashmir

डॉ. शैला कैनी, एसएमवीडी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एसएमवीडी यूनिवर्सिटी, कटरा, जम्मू–कश्मीर की प्रधानाचार्या एवं डीन के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें 25 वर्ष का अनुभव है और उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में समर्पण का प्रदर्शन किया है। वह एक समर्थ, मेहनती, आत्मविश्वासी, ईमानदार और भरोसेमंद नर्स हैं। वह एक उत्कृष्ट शिक्षक, टीम लीडर, प्रशासक तथा पीएच.डी. मार्गदर्शक हैं।

उन्हें जिनेवा स्विट्जरलैंड में अंतर्राष्ट्रीय उपचर्या परिषद् नेतृत्व कार्यक्रम, 2018 के ग्लोबल नर्सिंग लीडरशिप इंस्टीट्यूट में भाग लेने के लिए चुना गया था। उन्होंने राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत सी कार्यशालाओं और सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित भी हुए हैं। उन्होंने कई अनुसंधान परियोजनाओं को अंजाम दिया है और सभी परियोजनाओं में, उन्होंने मिश्रित तरीकों का उपयोग किया है।

Dr. Shailla Cannie is working as Principal and Dean of SMVD College of Nursing, SMVD University, Katra, Jammu and Kashmir. She has 25 years of experience and has demonstrated dedication throughout. She is professionally sound, hardworking, confident, sincere and trustworthy. She is an excellent teacher, team leader, and administrator. She is a Ph.D. Guide.

She has been selected to participate in the Global Nursing Leadership Institute for the ICN leadership program, 2018 at Geneva Switzerland. She has presented various papers in workshops and conferences at National and International level. Has published papers in National and International journals. She has carried out many research projects and in all projects, she has used mixed methods approach.

सुश्री अशीसन कुल्लू

स्टाफ नर्स
आरआईएमएस अस्पताल,
बरियातू, रांची, झारखंड

Ms. Ashisan Kullu

Staff Nurse
RIMS Hospital,
Bariatu, Ranchi, Jharkhand

सुश्री अशीसन कुल्लू ने 22 वर्ष के अपने कार्यकाल में विभिन्न नैदानिक परिस्थितियों में कार्य किया है। वर्तमान में, वह आरआईएमएस अस्पताल, बरियातू, रांची, झारखंड में नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वह एक निष्ठावान, मेहनती और समर्पित नर्स हैं।

उन्होंने जीएफएटीएम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ–साथ कई सीएनई कार्यशालाओं में भाग लिया है। उन्होंने स्वेच्छा से जनजातीय क्षेत्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में भी भाग लिया है।

सुश्री अशीसन कुल्लू को आयुष्मान भारत योजना के निष्पादन में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सराहना प्रमाण पत्र मिला है।

Ms. Ashisan Kullu with 22 years of experience has worked in different clinical settings. Currently, she is working as Nursing Officer in RIMS Hospital, Bariatu, Ranchi, Jharkhand. She is a sincere, hardworking and dedicated nurse.

She has undergone GFATM training and attended many CNE workshops. She has voluntarily participated in health camps in tribal area.

Ms. Ashisan Kullu received a certificate of appreciation for her exemplary contribution towards execution of Ayushman Bharat Scheme.

सुश्री मरियम्मा एम.सी.

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)/
कनिष्ठ स्वास्थ्य सहायक
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नंदागुड़ी, तालुक
होसकोटे, जिला बंगलूरू, कर्नाटक

Ms. Mariyamma M.C.

Auxiliary Nurse Midwife (ANM) /
Junior Health Assistant
Primary Health Centre, Nandagudi, Taluk
Hoskote, District Bengaluru, Karnataka

सुश्री मरियम्मा एम.सी., को बंगलूरू ग्रामीण जिले के उप–केंद्र और पीएचसी दोनों में एएनएम के रूप में कार्य करने का 30 वर्ष का अनुभव है। वह वर्तमान में नंदागुड़ी पीएचसी, होसकोटे तालुक में कार्यरत हैं। उन्होंने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और टीकाकरण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उप–केंद्र और पीएचसी में उनकी कड़ी मेहनत, ईमानदारी और दक्षता की सराहना की जाती है।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा राज्य तथा केंद्र स्तर पर आयोजित बहुत से प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में भाग लिया है।

सुश्री मरियम्मा एम.सी. को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, टीकाकरण और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उनके अच्छे काम के लिए दो बार सम्मानित किया गया है।

Ms. Mariyamma M.C., ANM has 30 years of experience in both Sub-Centre and Primary Health Centre in Bangalore. She is currently working in Nandagudi Primary Health Centre, Hoskote Taluk. She has actively participated in all national health programs particularly in MCH, FP and immunization. Her hard work, sincerity and efficiency in Sub-Centre and Primary Health Centre were appreciated.

She has attended many training programs and workshops conducted by NRHM at state and central level.

Ms. Mariyamma M.C. was awarded two times by NRHM for her good work in regard to MCH, FP, Immunization and National Health Programs.

सुश्री के. गायत्री देवी

लेडी हेल्थ विजिटर (एलएचवी)
जिला तपैदिक केंद्र, सी.जी. अस्पताल,
दावनगिरी, कर्नाटक

Ms. K. Gayathri Devi

Lady Health Visitor (LHV)
District T.B. Center, C.G. Hospital,
Davangere, Karnataka

सुश्री गायत्री देवी पिछले 34 वर्ष से सेवा कर रही हैं। वह एक कुशल, दरियादिल और मेहनती नर्स हैं। वह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, आरएनसीटीपी, एचआईवी/एड्स, संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण, आईईसी, परामर्श आदि के संबंध में स्वास्थ्य केंद्र में अपनी मेधावी सेवाओं के लिए जानी जाती हैं। वह वृद्धाश्रमों तथा महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल करने वाले संस्थानों का दौरा करती रहती हैं और आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य शिक्षा एवं परामर्श सेवाएं प्रदान करती हैं।

सुश्री गायत्री को कई प्रशंसा पमाणपत्र तथा पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उनके अनुकरणीय कार्य के लिए जिला अस्पताल अधिकारियों द्वारा उन्हें सराहना प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था।

लायंस क्लब, नेशनल प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया और न्यूजपेपर्स एसोसिएशन ऑफ कर्नाटक ने उन्हें फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया था।

Ms. Gayathri Devi, has 34 years of service to her credit. She is an efficient, kind hearted and hardworking nurse. She is known for her meritorious services at the health centre in regard to MCH, FP, RNTCP, HIV/AIDS, prevention and control of infectious diseases, IEC, counselling etc. She visits old age homes and institutions caring for women and children and imparts need based health education and counselling.

Ms. Gayathri Devi has been honoured with certificates of appreciation and awards. She has received certificate of appreciation from District Hospital authorities for her exemplary work.

Lions Club, the National Press Council of India and the Newspapers Association of Karnataka awarded her Florence Nightingale Award.

सुश्री गीता पी.

हैड नर्स
गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल,
कोझीकोडे, केरल

Ms. Geetha P.

Head Nurse
Govt. Medical College Hospital,
Kozhikode, Kerala

सुश्री गीता पी. तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाली एक बहुत ही वरिष्ठ नर्स हैं। वह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कोझीकोड, केरल की कार्डियोलॉजी यूनिट में हैड नर्स के पद पर कार्यरत हैं। वह एक निष्ठावान, मेहनती और समर्पित नर्स हैं। उन्होंने कई सीएनई कार्यक्रमों में भाग लिया है।

उन्होंने नेपाह प्रकोप के दौरान सराहनीय कार्य किया है तथा केरल में बाढ़ राहत कार्यों में भी भाग लिया है। वह आपदा प्रबंधन दल की सदस्या हैं।

सुश्री गीता पी. को ''केरल राज्य की वर्ष 2019 की सर्वश्रेष्ठ नर्स'' के रूप में सम्मानित किया गया है और नेपाह महामारी को नियंत्रित करने में उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए उन्हें कई प्रशंसा पत्र भी मिले हैं।

Ms. Geetha P. is a very senior nurse having experience of over three decades. She has been working as Head Nurse in Cardiology Unit of Govt. Medical College Hospital, Kozhikode, Kerala. She is a sincere, hardworking and dedicated nurse. She has participated in several CNE programs.

She has worked during NIPAH outbreak. She has participated in flood relief operations in Kerala. She is a member of Disaster Management team.

Ms. Geetha P. has been awarded with "Best Nurse of Kerala State-2019" and has several appreciation letters for her commendable service to control NIPAH epidemic.

श्री मोहम्मद आसिफ
नर्सिंग अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी),
अंड्रॉथ, लक्षद्वीप

Mr. Mohammed Asif
Nursing Officer
Community Health Centre (CHC),
Androth, Lakshadweep

श्री मोहम्मद आसिफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), अंड्रॉथ, लक्षद्वीप में कार्यरत एक निष्ठावान, मेहनती, जिम्मेदार और समर्पित वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी हैं। वह अपने 26 वर्ष के कार्यकाल में कई नवजात पुनर्जीवन, गहन देखभाल और बीएलएस में अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है।

उन्होंने वर्ष 1998, 2006 और 2017 में हर बार 3 महीने के लिए मक्का (साउदी अरब) में भारतीय हज़ तीर्थयात्रियों की देखभाल की है, जिसे भारत सरकार, लक्षद्वीप प्रशासन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (डीएचएस) द्वारा काफी सराहा गया है। उन्होंने सुनामी, ओखी चक्रवात और महा चक्रवात में आपातकालीन बचाव दल के सदस्य के रूप में बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

श्री मोहम्मद आसिफ को हैजा, चिकनगुनिया और एच1एन1 फ्लू महामारी नियंत्रण सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, रीजनल सेंटर, केरल से कई सराहना पत्र मिले हैं।

Mr. Mohammed Asif is a sincere, hardworking, responsible and dedicated Senior Nursing Officer working in CHC, Androth, Lakshadweep. He has a total experience of 26 years. He has undergone short term training programs in new born resuscitation, critical care and BLS.

He cared for Indian Haji Pilgrims in Kingdom of Saudi Arabia at Makah for 3 months each time in 1998, 2006 and 2017 which is greatly appreciated by Government of India, Lakshadweep Administration and DHS. He actively participated in rescue operations in Tsunami, Okhi cyclone and MAHA cyclone as emergency rescue team member.

Mr. Mohammed Asif has received letters of appreciation from National Centre for Disease Control, Regional Centre, Kerala for his outstanding performance in cholera, chikungunya, and H1N1 flu epidemics control services.

सुश्री रश्मि पांडेकर

नर्सिंग सिस्टर
महात्मा गाँधी जिला अस्पताल,
देवास, मध्य प्रदेश

Ms. Rashmi Pandekar

Nursing Sister
Mahatma Gandhi District Hospital,
Dewas, Madhya Pradesh

सुश्री रश्मि पांडेकर एक वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी हैं, जिन्हें विभिन्न नैदानिक क्षेत्रों में कार्य करने का 42 वर्ष का अनुभव है। वह वर्तमान में महात्मा गाँधी जिला अस्पताल, देवास, मध्य प्रदेश में कार्यरत हैं। वह एक निष्ठावान, निष्कपट और मेहनती नर्स हैं। उन्होंने एएनएम के रूप में अपना कैरियर शुरू किया था और आगे चलकर नर्सिंग बहन तक पहुंची हैं।

उन्होंने प्रसव के लिए स्क्वाटिंग चेऑर विकसित कर उसका उपयोग करके मातृत्व क्षेत्र में अनूठा कार्य किया है। वह विभिन्न क्षेत्रों के कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने बहुत सी सामुदायिक और सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

सुश्री रश्मि पांडेकर को उनकी मेधावी सेवाओं के लिए मान्यता पत्र भी प्राप्त हुए हैं।

Ms. Rashmi Pandekar is a Senior Nursing Officer who has worked in many clinical areas. She has 42 years of experience. She is currently working in Mahatma Gandhi District Hospital, Dewas, Madhya Pradesh. She is an honest, sincere and hardworking nurse. She started her career as ANM and has moved up to nursing sister.

She has done innovative work in maternity area by developing and using squatting chair for deliveries. She has undergone many trainings in various areas. She has actively participated in community and social service activities.

Ms. Rashmi Pandekar has received many letters of recognition for her meritorious services.

सुश्री प्रेमलता संजय पाटिल
ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
नशीराबाद, जिला जलगांव,
महाराष्ट्र

Ms. Premlata Sanjay Patil
Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
Primary Health Centre,
Nashirabad, District Jalgaon,
Maharashtra

सुश्री प्रेमलता संजय पाटिल एक निष्कपट, मेहनती और समर्पित एएनएम हैं। वह वर्तमान में महाराष्ट्र के जलगांव खुर्द उप–केंद्र में कार्यरत हैं। उन्हें 14 वर्ष का अनुभव है और उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, टीकाकरण, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य, तपैदिक, कुष्ठ रोग, पोलियो और अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुशल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। वह स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र और अपने रोगियों को परामर्श देने में उत्कृष्ट एएनएम हैं। विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने कई सतत नर्सिंग शिक्षा (सीएनई) कार्यशालाओं और अल्पावधि पाठ्यक्रमों में भाग लिया है। उन्हें अपनी सराहनीय सेवाओं के लिए स्थानीय, जिला एवं राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों से प्रशंसा पत्र मिले हैं।

Ms. Premlata Sanjay Patil is a sincere, hardworking and dedicated ANM. She is currently working in the Jalgaon Khurd Sub-Centre of Maharashtra. She has 14 years of experience and provided efficient health services in MCH, FP, immunization, RCH, TB, Leprosy, Polio and other national health programs. She is excellent in health education and counselling of her patients. Has significantly contributed towards achieving various targets.

She has attended several CNE workshops and short term courses. She received numerous letters of appreciation from local/district/state health authorities for her meritorious services.

सुश्री शालिनी नाजुकराव कुमारी

प्रभारी नर्स (सेवानिवृत्त)
जिला अस्पताल,
गढ़चिरौली, महाराष्ट्र

Ms. Shalini Najukrao Kumare

In-charge Sister (Retired)
District Hospital,
Gadchiroli, Maharashtra

सुश्री शालिनी नाजुकराव कुमारी एक वरिष्ठ नर्सिंग कर्मी हैं जिन्होंने अपने 35 वर्ष के कार्यकाल में विभिन्न क्षमताओं में काम किया है। 31 जनवरी 2020 को सेवानिवृत्ति के समय वह जिला अस्पताल, गढ़चिरौली, महाराष्ट्र में प्रभारी बहन के पद पर कार्यरत थीं। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), टीबी अस्पताल और जिला अस्पताल में कार्य किया है। उन्होंने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट योगदान दिया है। वह आपातकालीन जीवन रक्षक उपकरणों को संभालने में अनुभवी हैं। वे बहुत से प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले चुकी हैं।

उन्होंने नक्सल पीड़ित क्षेत्रों में आपातकालीन इकाइयों में कार्य किया है और अंग दान जैसे क्षेत्रों में भी कार्य किया है। वह वीवीआईपी ड्यूटी भी कर चुकी हैं।

सुश्री शालिनी नाजुकराव कुमारी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अस्पताल प्रशासन से सराहना प्रमाण पत्र मिला है।

Ms. Shalini Najukrao Kumare is a senior nursing professional who has worked in various capacities and has a total of 35 years of experience. She was working as in-charge sister in District Hospital, Gadchiroli, Maharashtra and retired on 31st January 2020. She has worked in Primary Health Centre, TB Hospital and District Hospital. She has made excellent contribution in all National health programs. She is well experienced in handling emergency life-saving equipment. She has attended many training programs.

She worked in emergency units in Naxal afflicted areas. She has worked in the area of organ donation. She has done duties with VVIPs.

Ms. Shalini Najukrao Kumare has received certificate of appreciation for her outstanding services from the hospital administration.

सुश्री लेटमॅन पसलेन

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)
सेमासी उप–केंद्र,
सुटुंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,
जिला ईस्ट जैंटिया हिल्स, मेघालय

Ms. Leitmon Paslein

Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
Semmasi Sub-Centre
under Sutnga Community Health Centre,
East Jaintia Hills District, Meghalaya

सुश्री लेटमॅन पसलेन ने मेघालय के दुर्गम क्षेत्रों में 20 वर्ष से कार्य करते हुए अपने समुदाय को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, तपैदिक, मानसिक स्वास्थ्य, टीकाकरण, स्वास्थ्य शिक्षा और परामर्श से संबंधित उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं। वह पिछले दो दशकों से पहाड़ी जिले के विभिन्न उप–केंद्रों में कार्य कर रही हैं। उन्हें दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए कई बार नदी पार करनी पड़ती हैं और बहुत बार पहाड़ियों पर चढ़कर जाना पड़ता है। वह अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और ईमानदारी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है।

सुश्री लेटमॅन पसलेन को स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गैर–सरकारी संगठनों और ग्रामीणों से उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्ध सेवाओं और जीवनरक्षक गतिविधियों के लिए कई प्रशंसा पत्र मिले हैं।

Ms. Leitmon Paslein, with 20 years of working experience in difficult areas of Meghalaya has provided excellent services to her community in regard to MCH, FP, RCH, National Health Programs, TB, Mental Health, Immunization, Health Education and Counselling. She has been working in various Sub-Centres in the hilly district for the entire two decades. She has to travel via rivers and climbing up the hills for providing services. She is known for her dedication, hard work and sincerity. She has attended various workshops and training programs conducted by NRHM.

Ms. Leitmon Paslein, has received numerous letters of appreciation from CMO's at health centre, NGO's and villagers for her outstanding committed services and life-saving activities.

सुश्री के. बेकलुन

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)
पोस्ट पार्टम प्रोग्राम सेंटर (पीपीसी),
जिला अस्पताल,
चूराचांदपुर, मणिपुर

Ms. K. Biaklun

Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
Post Partum Program Centre (PPC),
District Hospital,
Churachandpur, Manipur

सुश्री के. बेकलुन ने अपने 14 वर्ष से अधिक अवधि के कार्यकाल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, तपैदिक, एचआईवी/एड्स के क्षेत्र और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में बड़े पैमाने पर कार्य किया है। वर्तमान में वह मणिपुर के एक उप–केंद्र में कार्यरत हैं। उन्होंने डेंगू और जापानी इंसेफेलाइटिस के प्रकोप के नियंत्रण में सक्रिय रूप से भाग लिया था। वह अपनी निःस्वार्थ सेवा और कर्तव्य निष्ठा के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कई सतत नर्सिंग शिक्षा (सीएनई) कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है।

वह विभिन्न स्वयंसेवी सेवाओं में भी सम्मिलित होती रहती हैं जैसे कि होम केयर सेंटर्स पर परित्यक्त शिशु और बुजुर्गों की देखभाल करना। उन्होंने दो बच्चों को त्यूथा नदी में डूबने से बचाने में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

उन्हें राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों और अन्य संगठनों से उनकी समर्पित सेवाओं के लिए कई सराहना प्रमाण पत्र भी मिले हैं।

Ms. K. Biaklun, with more than 14 years of experience has worked extensively in providing MCH, FP, TB, HIV/AIDS and national health programs. She is working in a Sub-Centre in Manipur. She actively participated in the control of dengue and Japanese encephalitis outbreak. She is known for her selfless service and devotion. Has attended many CNE workshops and training programs.

She is involved in many volunteer services such as caring for abandoned babies and elderly in home care centres. She actively participated in saving two children who were drowned in Tuitha River.

She has received many certificates of appreciation for her dedicated services from the State health authorities and other organizations.

सुश्री सगोलसम रमा मैतइ चानू
नर्सिंग सिस्टर
जिला अस्पताल,
चूराचांदपुर, मणिपुर

Ms. Sagolsem Rama Meitei Chanu
Nursing Sister
District Hospital,
Churachandpur, Manipur

सुश्री सगोलेसम रमा मैतइ चानू, मणिपुर के जेएनआईएमएस अस्पताल में नर्सिंग सिस्टर के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें 30 से अधिक वर्ष का अनुभव है। उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्य करने के दौरान सुदूर पहाड़ी इलाकों में भी तैनात किया गया था। इस दौरान उन्होंने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया था। वह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में भी भाग ले चुकी हैं। उन्होंने निरंतर व्यावसायिक विकास के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।

उन्होंने आग के प्रकोप के दौरान लोगों की सेवा की और कई लोगों की जान बचाई है।

सुश्री सगोलसम रमा मैतई चानू ने समुदाय और अस्पताल दोनों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं और उन्हें कई प्रशंसा प्रमाण पत्र भी मिले हैं।

Ms. Sagolsem Rama Meitei Chanu is working as a Nursing Sister in JNIMS Hospital, Manipur and has a total experience of more than 30 years. She was also posted in remote hilly areas while working in Primary Health Centres. During this time she has actively participated in all national health programs. She has also participated in free health camps. She has undergone various training programs for continued professional development.

She has served people during outbreak of fire and saved many lives and property.

Ms. Sagolsem Rama Meitei Chanu has rendered outstanding services in both community and hospital and has received many certificates of appreciation.

सुश्री वनललथुऑमी

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)/
स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला)
थैरिॲट उप–स्वास्थ्य केंद्र,
लुगलेइ, मिजोरम

Ms. Vanlalthuami

Auxiliary Nurse Midwife (ANM) /
Health Worker (F)
Theiriat Sub-Health Centre,
Luglei, Mizoram

सुश्री वनललथुऑमी ने मिजोरम के दूरदराज के क्षेत्रों में समुदाय की सेवा करते हुए, विभिन्न उप–केंद्रों में 28 वर्ष कार्य किया है। उन्हें बिना किसी सार्वजनिक परिवहन सुविधा के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना पड़ता था। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण, किशोर देखभाल, स्वास्थ्य शिक्षा एवं परामर्श से संबंधित उत्कृट सेवाएं प्रदान की हैं। वह अपनी सेवा के दौरान एक मां की बची हुई गर्भनाल को हाथ से निकालने में कामयाब रही थीं, जिनका घर पर प्रसव के बाद काफी मात्रा में रक्तस्राव हो रहा था। उन्होंने दवा देने के साथ–साथ आईवी फ्लुइड चढ़ाकर गर्भनाल को हाथ से निकालकर उसकी जान बचाई थी।

सुश्री वनललथुऑमी को संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों से उनकी समर्पित सेवाओं, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के लिए कई प्रशंसा पत्र मिले हैं।

Ms. Vanlalthuami, has worked for 28 years in various Sub-Centres, serving the community from remote areas of Mizoram. She had to reach the health centre without any public transport facility. She was excellent in providing services related to MCH, FP, National Health Programs, Immunization, Adolescent Care, Health Education and Counselling. During her service she managed to remove manually retained placenta of a mother who bled profusely after delivery at home. She saved her life by giving medication, IV Fluids alongside removing the retained placenta.

Ms. Vanlalthuami, has received letters of appreciation for her dedicated services, commitment and hard work from concerned health authorities.

सुश्री सी. डेंगथांगपुई

लेडी हेल्थ विजिटर (एलएचवी)/
स्वास्थ्य पर्यवेक्षक
आइजोल साउथ मेन सेंटर, मिजोरम

Ms. C. Dengthangpuii

Lady Health Visitor (LHV) /
Health Supervisor
Aizawl South Main Centre, Mizoram

सुश्री डेंगथांगपुई ने अपने 38 वर्ष के कार्यकाल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, तपैदिक, मलेरिया, एचआईवी/एड्स, पर्यावरणीय स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा और परामर्श सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह मिजोरम के एक दूरदराज के गांव आइजोल साउथ मेन सेंटर में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह एक ईमानदारी और समर्पित स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं। वह बहुत से राष्ट्रीय और राज्य–स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले चुकी हैं।

उन्हें राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी (टीबी नियंत्रण), स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ डॉट प्रदाता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, और सुदूर इलाके में, जहां कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं था, 7 दिन तक बेहोश अवस्था में मलेरिया से पीड़ित एक 13 वर्षीय लड़के की स्थायी आदेशों और मानक दिशानिर्देशों का पालन करते हुए चिकित्सा कर, उसे बचाने में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए उनकी सराहना की गई है। यंग मिज़ो एसोसिएशन ने मलेरिया नियंत्रण, स्वच्छता सुधार और कृमिहरण (डीवर्मिंग) सेवाओं में सक्रिय भागीदारी के लिए उनकी अत्यधिक प्रशंसा की है।

Ms. C. Dengthangpuii with 38 years of experience made significant contribution in providing MCH, FP, TB, Malaria, HIV/AIDS, environmental hygiene and health education and counselling services. She is working in Aizawl South Main Centre, a remote village in Mizoram as health supervisor. She is a sincere dedicated health worker. She has attended many national and state training programs.

She received best DOT provider award by State Health Society (TB Control) DHS, and appreciations for her exemplary work in saving a 13 year old boy suffering from Malaria in remote area unconscious for 7 days, where no doctor was available and just treated with standing orders and standard guidelines. Young Mizo Association is highly appreciative of her active participation in malaria control, sanitation improvement and deworming services.

सुश्री प्रेमालता बारिक

लेडी हेल्थ विजिटर (एलएचवी)/
बहुउद्देशीय स्वास्थ्य पर्यवेक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,
कुजंग, जगतसिंघपुर, ओड़िशा

Ms. Premalata Barik

Lady Health Visitor (LHV) /
Multipurpose Health Supervisor
Community Health Centre,
Kujang, Jagatasinghpur, Odisha

सुश्री प्रेमालता बारिक को ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य क्षेत्र में 22 वर्ष का अनुभव है। वर्तमान में वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुजंग, ओडिशा में कार्यरत हैं। वह ईमानदार, कर्मठ और परिश्रमी होने के साथ–साथ समय की पाबंद, अनुशासित और समर्पित भी हैं। वह समुदाय के साथ उत्कृष्ट तालमेल रखती हैं। वह राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में भाग ले चुकी हैं।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, तपैदिक, कुष्ठ रोग, एचआईवी/एड्स, मानसिक स्वास्थ्य, राष्ट्रीय कृमिहरण (डीवर्मिंग), टीकाकरण, डेंगू, स्वाइन फ्लू और स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में उनका प्रदर्शन बहुत ही प्रशंसनीय रहा है और संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा उसकी सराहना की जाती है। उन्होंने लक्ष्य प्राप्त करने में, विशेष रूप से संस्थागत प्रसव और टीकाकरण में, महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें कई सराहना प्रमाणपत्र दिए गए हैं।

Ms. Premalata Barik has 22 years of experience in rural community health field. Currently she is working in Community Health Centre, Kujang, Odhisa and is found sincere, diligent and hardworking. She is punctual, disciplined and dedicated. Maintains excellent rapport with the community. She has attended many training programs and workshops conducted by State NHM.

Her performance with regard to MCH, FP, TB, leprosy, HIV/AIDS, mental health, national deworming, immunization, dengue, swine flu and health education is very well acknowledged and appreciated by concerned health authorities. She has contributed significantly towards achieving targets particularly in institutional delivery and immunization.

Numerous certificates of appreciation for her outstanding work are bestowed on her.

सुश्री पी. लथा

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
करयमबुथूर, पुडुचेरी

Ms. P. Latha

Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
Primary Health Centre,
Karayambuthur, Puducherry

सुश्री पी. लता, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य क्षेत्र में 22 वर्ष का अनुभव रखने वाली एक बहुत ही समर्पित, मेहनती और कुशल एएनएम हैं। वह वर्तमान में पुडुचेरी के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत है। वह नई नर्सों के लिए एक आदर्श नर्स हैं। वह सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल रहती हैं। वह जिस समुदाय की सेवा करती हैं, उससे बहुत प्यार करती हैं। मातृ एवं नवजात सेवाएं प्रदान करने में उनकी दक्षता के फलस्वरूप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उनके आने के बाद समुदाय में मातृ या नवजात मृत्यु को शून्य हो गया है।

वह नियमित रूप से रक्त दान करती है और UYIRTHULI से "बेस्ट ब्लड सपोर्टर" की प्राप्तकर्ता है।

सुश्री पी. लता को कई प्रशंसा प्रमाण पत्र मिले हैं। वर्ष 2018–19 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ एएनएम के रूप में सम्मानित किया गया था।

Ms. P. Latha, having 22 years of experience in rural community health field is a very dedicated, hardworking and efficient ANM. She is currently working in a Primary Health Centre in Puduchery. She is a role model for budding nurses. She is actively involved in all national health programs. She is loved by the community she serves. Her efficiency in providing maternal and neonatal services has resulted in nil maternal or neonatal death in her community after she has joined the Primary Health Centre.

She donates blood regularly and is recipient of "Best Blood Supporter" from UYIRTHULI.

Ms. P. Latha has received numerous certificates of appreciation. In 2018-19, she was awarded best ANM.

सुश्री के. अनुराधा

नर्सिंग अधिकारी
इंदिरा गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल
एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट, पुडुचेरी

Ms. K. Anuradha

Nursing Officer
Indira Gandhi Govt. General Hospital
and Post Graduate Institute, Puducherry

सुश्री के. अनुराधा को कार्डियक इकाइयों जैसे कि सीसीयू और कैथ लैब में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। 20 वर्ष के अनुभव के साथ, वह वर्तमान में इंदिरा गांधी गवर्नमेंट हॉस्पिटल, पुडुचेरी में नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कई सीएनई कार्यक्रमों में भाग लिया और आयोजित भी किए हैं।

उन्होंने रक्तदान तथा स्वास्थ्य जागरूकता रैलियों और शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। वह सुनामी और ठाणे चक्रवात के दौरान बचाव कार्यों में भी सक्रिय रही हैं। उनके द्वारा चेन्नई और कुड्डालोर में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री एकत्रित की गई और वितरित भी की गई थी।

सुश्री के. अनुराधा को सामाजिक सेवा गतिविधियों में उनकी भागीदारी के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी तथा रोटरी क्लब से कई सराहना प्रमाण पत्र मिले हैं। उन्हें राज्य स्वास्थ्य विभाग से जीवन रक्षक सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ नर्स का पुरस्कार और उत्कृष्टता पुरस्कार भी मिला है।

Ms. K. Anuradha has vast experience of working in Cardiac Units such as CCU and Cath Lab. With 20 years of experience, she is currently working as Nursing Officer at Indira Gandhi Govt. Hospital, Puducherry. She has attended and conducted many CNE programs.

She has actively participated in blood donation, health awareness rallies and camps. Has also participated in rescue operations during Tsunami and Thane Cyclone. Relief material for flood victims were collected and distributed by her in Chennai & Cuddalore.

Ms. K. Anuradha has received many certificates of appreciation from Red Cross Society and Rotary Club for her involvement in social service activities. She has also received best nurse award and award of excellence in life saving services from the State Health Department.

सुश्री सत्या देवी

स्टाफ नर्स
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी),
शंकर, जिला जलंधर, पंजाब

Ms. Satya Devi

Staff Nurse
Community Health Centre (CHC),
Shankar, District Jalandhar, Punjab

सुश्री सत्या देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), शंकर, जलंधर, पंजाब में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने एचआईवी/एड्स नियंत्रण, स्तनपान परामर्श और प्रबंधन तकनीकों में प्रशिक्षण लिया है। उन्होंने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया और लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह अपने कार्य और कर्तव्यों के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने स्वच्छ भारत दल की अगुवाई की थी जिससे उनके सीएचसी को कायाकल्प–2019 के लिए राज्य में पहला स्थान प्राप्त करने में मदद मिली थी।

Ms. Satya Devi is working as Staff Nurse at CHC, Shankar, Jalandhar, Punjab. She has undergone training in HIV/AIDS control, breastfeeding counselling and management techniques. She actively participated in all National health programs and contributed significantly towards achieving targets. She is committed to her work and functions effectively.

She was a leader of Swacch Bharat Team which helped the CHC to receive the first position in the State for Kayakalp-2019.

सुश्री अनीता व्यास

ऑगज़िलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम)
उप–स्वास्थ्य केंद्र,
धावला, जिला जालौर, राजस्थान

Ms. Anitha Vyas

Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
Sub-Health Centre,
Dhawla, District Jalaur, Rajasthan

सुश्री अनिता व्यास को 15 वर्ष का अनुभव है और वर्तमान में राजस्थान के जालौर उप–केंद्र में कार्यरत हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, टीकाकरण, डॉट्स (तपैदिक), कुष्ठ रोग और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्षेत्र में उनकी सेवाएं सराहनीय हैं। उन्होंने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है और लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने में उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए उन्हें 3 जिला स्तरीय और 2 राज्य स्तरीय प्रशंसा पत्र और पुरस्कार मिले हैं।

वर्ष 2015 में, उन्हें राज्य फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 49 बार रक्तदान करने के लिए स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (डीएचएस) द्वारा उन्हें प्रशंसा पत्र दिया गया है।

